तापमान

अधिकतम 34.3 डिग्री

न्यूनतम 27.0 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, बुधवार 13 अगस्त 2025

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया




## खबर संक्षेप

### आईटीआई प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन आज से

**बिलासपुर।** राज्य की शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं (आईटीआई) में रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। ऑनलाइन आवेदन 13 अगस्त से शुरू होंगे, जो 16 अगस्त 2025 की रात 11.59 बजे तक लिए जाएंगे। इच्छुक अभ्यर्थी वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। अभ्यर्थियों को आवेदन करने से पहले वेबसाइट पर उपलब्ध प्रवेश विवरणिका को ध्यान से पढ़ने की सलाह दी गई है। किसी भी प्रकार की सहायता के लिए अभ्यर्थी नजदीकी शासकीय आईटीआई संस्था या वेबसाइट पर दिए गए हेल्पलाइन नंबर से संपर्क कर सकते हैं। आवेदन की समय-सीमा से पहले अभ्यर्थी अपने फॉर्म में सुधार या संस्था/व्यवसाय प्राथमिकता क्रम में बदलाव कर सकते हैं।

### डेयरी टेक्नोलॉजी में प्रवेश की काउंसिलिंग आज

**बिलासपुर।** बीटेक इन डेयरी टेक्नोलॉजी में प्रवेश के लिए तीसरे चरण की काउंसिलिंग 13 अगस्त को होगी। यह डेयरी टेक्नोलॉजी कॉलेज रायपुर में आयोजित की जाएगी। इसमें मैथ्स व बायो ग्रुप से बारहवीं पास छात्र इसमें शामिल हो सकते हैं। डेयरी टेक्नोलॉजी का कोर्स चार साल का है। इसमें प्रवेश के लिए दो चरण की काउंसिलिंग हो चुकी है, 15 सीटें खाली है। इसमें एडमिशन के लिए 13 अगस्त सुबह 10 से 12:30 तक छात्रों को डेयरी कॉलेज रायपुर में उपस्थित होना होगा। यहां उन्हें फॉर्म मिलेगा। इसी दिन मेरिट लिस्ट जारी होगी और एडमिशन दिए जाएंगे। यह कॉलेज दाऊ श्री वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय से संबद्ध है। काउंसिलिंग को लेकर विस्तृत जानकारी विवि की वेबसाइट पर जारी की गई है।

### बीएड व डीएलएड के लिए शुरू होगी काउंसिलिंग

**बिलासपुर।** बीएड और डीएलएड की काउंसिलिंग अगस्त के अंतिम सप्ताह से शुरू होने की संभावना है। इसके लिए एससीईआरटी से जल्द शेड्यूल जारी होंगे। इसी तरह दोनों कोर्स की इस बार सीटें कम हो सकती है। पिछली बार डीएलएड की 6720 और बीएड की साढ़े चौदह हजार सीटें थी। उधर, इस बार भी डीएलएड की डिमांड ज्यादा है। इसमें एडमिशन के लिए व्यापमं की ओर से मई में प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई थी। 206184 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। वहीं दूसरी ओर बीएड की प्रवेश परीक्षा में 126808 परीक्षार्थी थे। काउंसिलिंग को लेकर अधिकारियों का कहना है कि सत्र 2025-26 की काउंसिलिंग अगस्त के अंतिम सप्ताह से शुरू हो जाएगी। इसके लिए नई एजेंसी से अनुबंध हो गया है। इस बार बीएड और डीएलएड की सीटें कम हो सकती है।

### ओपन स्कूल की परीक्षा 18 से 35 हजार छात्र होंगे शामिल

**बिलासपुर।** ओपन स्कूल की द्वितीय परीक्षा 18 अगस्त से शुरू होगी। इस परीक्षा के लिए 35 हजार छात्रों ने आवेदन किया है। इनके लिए प्रदेश में 83 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। 3 सितंबर तक परीक्षा होगी। शेड्यूल के अनुसार दसवीं की परीक्षा 18 अगस्त से 1 सितंबर तक आयोजित की जाएगी। जबकि बारहवीं की परीक्षा 18 अगस्त से 3 सितंबर तक होगी। परीक्षा के लिए गोपनीय सामग्री इसी सप्ताह भेजी जाएगी। कई स्कूलों ने प्रवेश पत्र ले लिया है, जिन्होंने नहीं लिया है उन्हें जल्द भेजा जाएगा। इसी तरह ऑनलाइन प्रवेश पत्र भी जारी किए जाएंगे। गौरतलब है कि सालभर में ओपन स्कूल की तीन बार परीक्षाएं आयोजित की जाती है। पिछले साल से यह व्यवस्था लागू है। पहली परीक्षा मार्च-अप्रैल में हुई। इसमें दसवीं में 59.17 प्रतिशत और बारहवीं में 69.73 प्रतिशत छात्र पास हुए थे।

रिपोर्ट में मौके पर कबाड़ मिलने का उल्लेख | प्रभारी प्राचार्य को सस्पेंड कर दिया गया है

# सरपंच पति ने स्कूल में कबाड़ जमा कर दिया

## रायपुर से पहुंची टीम पंचनामा बनाकर लौट गई

### यह सामान हुए गायब

- 14 नग दरवाजा 12 कमरे और दो बाथरूम का
- 24 नग खिड़की
- 14 नग लोहे की रैलिंग खिड़की बड़ी वाली बरामदे में लगी हुई
- 8 नग रोशनदान बाथरूम में लगा हुआ
- 2 नग चैनल गेट
- लगभग 2000 नग राजिम स्टोन 14 कमरे एवं हाल में लगा हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

65 लाख रुपए खर्च कर बेलतरा में बनाया गया शासकीय हाई स्कूल दो साल में ही जर्जर हो गया है। यही नहीं स्कूल से खिड़की, दरवाजे, चैनल गेट और टाइल्स समेत लाखों रुपए का सामान उखाड़ लिया गया है। इस मामले में शिकायत हुई तो लोक शिक्षण संचालनालय की टीम जांच के लिए पहुंची। आरोप है कि गांव के सरपंच पति ने आनन फानन में कबाड़ जमा कर दिया और इसका ही पंचनामा बना दिया गया।

अधिकारियों ने जो जांच रिपोर्ट सौंपी है उसमें भी मौके से कबाड़ मिलने का उल्लेख है। इसके बाद प्रभारी प्राचार्य कावेरी यादव को सस्पेंड कर दिया है, लेकिन लेकिन चोरी की रिपोर्ट अभी तक दर्ज नहीं कराई गई है। सरपंच के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होने से ग्रामीणों में आक्रोश भी है। बताया जा रहा है कि सरपंच एक राजनैतिक दल से जुड़ा है और क्षेत्र में महामंत्री भी है। दरअसल बेलतरा स्कूल की इमारत कुछ साल पहले ही बनी थी और वहां नियमित कक्षाएं चल रही थी। इसी बीच एक साल पहले मरम्मत के बहाने स्कूल प्रबंधन ने भवन को खाली करा दिया। कक्षाएं पास की दूसरी बिल्डिंग में शिफ्ट कर दी गई।

इसी दौरान स्कूल की बिल्डिंग में लगे चैनल गेट, रेलिंग, खिड़कियां और टाइल्स गायब हो गए। जब स्थानीय लोगों ने स्कूल की इमारत को खंडहर जैसी हालत में देखा, तो उन्हें शक हुआ। उन्होंने जानकारी जुटाई तो पूरा मामला सामने आया। इसके बाद लोगों ने विभागीय अधिकारियों से इसकी शिकायत की।



हरिभूमि में 10 अगस्त को प्रकाशित खबर

### लोहे का कबाड़ स्कूल में जमा कर दिया

जांच रिपोर्ट में यह बात भी सामने आई कि बेलतरा हाईस्कूल भवन की 64 नग लोहे की खिड़की, दरवाजे, चैनल गेट समेत अन्य सामान को सरपंच उखाड़कर ले गया था। कलेक्टर अवनीश कुमार शरण से शिकायत भी हुई। कलेक्टर ने जांच कर एफआईआर करने का आदेश भी दिया है। इस बीच कार्रवाई के डर से सरपंच ने कुछ कबाड़ लोहे को स्कूल में जमा कर दिया और बाकी उपयोगी सामान गायब कर दिया। इसके बावजूद तात्कालीन जिला शिक्षा अधिकारी ने इस मामले में सरपंच के खिलाफ कोई कार्रवाई करने की अनुशंसा नहीं की। सरपंच के कब्जे से सामान बरामद होने के बाद भी मामले को दबाने का प्रयास किया गया।

### कई दिनों तक निकालते रहे सामान

जांच करने रायपुर से पहुंची अधिकारियों की टीम ने अपनी रिपोर्ट में लिखा है कि इस प्रकरण में सबसे महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि उक्त भवन में लगे लोहे के दरवाजे खिडकियां, ग्रिल, रैलिंग, रोशनदान एवं फर्श में लगे पत्थर निकाले गए। यह भी बड़ी बात है कि इन सब सामानों को निकालकर ले जाने में कई दिन या महीनों लगे होगें परन्तु संस्था की प्राचार्य एवं शाला प्रबंधन समिति द्वारा चोरी की शिकायत तक थाने में नहीं की गई और ना ही इसकी जानकारी उच्च अधिकारियों को दी गई। जांच रिपोर्ट में सभी की भूमिका संदिग्ध मानी गई। साथ ही प्राचार्य एवं शाला प्रबंध एवं विकास समिति को इसके लिए जिम्मेदार माना गया।

### अधिकारियों को दी गई जानकारी

जांच रिपोर्ट के आधार पर ही प्रभारी प्राचार्य को सस्पेंड कर दिया गया है। सरपंच पर कार्रवाई का अधिकारी शिक्षा विभाग के पास नहीं है। उच्च अधिकारियों को मामले की पूरी जानकारी दे दी गई है।

- **विजय तांडे**, जिला शिक्षा अधिकारी

## राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान हासिल करने वाले नगरीय निकायों को मिलेगा 1 करोड़

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मुख्य आतिथ्य में स्वच्छ भारत की दिशा में छत्तीसगढ़ राज्य के बेहतर प्रदर्शन और स्वच्छता के पैमाने पर उत्कृष्ट कार्य के लिए नगरीय निकायों को सम्मानित करने बहतराई स्टेडियम में स्वच्छता संगम कार्यक्रम का आयोजन हुआ। नगरीय प्रशासन विकास विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने की।



# स्वच्छता दीदियों का पैर धोकर किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मुख्यमंत्री ने 'स्वच्छता संगम-2025' अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय स्तर पर गौरव दिलाने वाली स्वच्छता दीदियों का पैर धोकर सम्मानित किया। इस दौरान स्वच्छता सर्वेक्षण-2024-25 में पूरे देशभर में बेहतर प्रदर्शन करने वाले नगरीय निकायों को भी सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में 260 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन भी किया। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान हासिल करने वाले नगरीय निकाय को 1 करोड़ रुपए, दूसरा स्थान लाने पर 50 लाख रुपए एवं तीसरा स्थान प्राप्त करने पर 25 लाख रुपए की पुरस्कार राशि दी जाएगी।

- 260 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में स्वच्छ भारत मिशन की शुरुआत की तब से लेकर आज तक हम स्वच्छता की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहे हैं। उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि हमारे नगरीय निकायों को पुरस्कार मिलना गौरव की बात है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के सचिव डॉ. बसवराजु एस. ने बताया कि सात नगरीय निकायों को नई दिल्ली में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु के हाथों पुरस्कृत होने का गौरव मिला है। कार्यक्रम में इन नगरीय निकायों के साथ ही संभाग स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 30 से अधिक नगरीय निकायों को भी सम्मानित किया गया।

### निकायों में आनलाइन प्रापर्टी पोर्टल का विमोचन

कार्यक्रम में तीन नगर निगमों बिरगांव, भिलाई-चरोदा और धमतरी तथा 43 नगर पालिकाओं में ऑनलाइन संपत्ति कर जमा करने की सुविधा के लिए जीआईएस आधारित प्रॉपर्टी टैक्स लाइव पोर्टल को लॉन्च किया गया। एक साथ 46 शहरों में ऑनलाइन संपत्ति कर जमा करने की सुविधा स्थानीय स्वशासन को आधुनिक बनाने और नागरिकों को घर बैठे सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में बड़ा कदम है। इससे कर संग्रहण में तेजी आएगी। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने रिमोट का बटन दबाकर स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-2025 पर आधारित वीडियो का विमोचन भी किया।



### मेधावी छात्र- छात्राओं का हुआ सम्मान

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय मंगलवार को ही गुरु घासीदास विश्वविद्यालय में आयोजित शहीद विनोद सिंह कौशिक मेधावी छात्र अभिनंदन समारोह में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने शहीद विनोद सिंह की पत्नी और उनके पिता सहित आधा दर्जन शहीद परिवारों का शाल और श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने विश्वविद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी ही राष्ट्र का भविष्य है और उनकी मेहनत, लगन एवं संकल्प से प्रदेश और देश नई ऊँचाइयों को छूऐगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि वीर सपूत शहीद विनोद सिंह माओवादियों से लड़ते हुए नारायणपुर में 2018 में शहीद हो गए थे। उनकी स्मृतियों को चिरस्थाई बनाए रखने उनकी स्मृति में न्यास का गठन और इसके माध्यम से प्रतिभाओं का सम्मान किया जाना अनुकरणीय पहल है।

# शाखा प्रबंधक सहित सहकारी बैंक के 29 कर्मचारी बर्खास्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दूषित प्रक्रिया के अंतर्गत जिला सहकारी केंद्रीय बैंक में विभिन्न पदों पर भर्ती हुए 29 कर्मचारी मंगलवार को बर्खास्त कर दिए गए। इन सभी कर्मचारियों के संबंध में हाईकोर्ट द्वारा विभागीय कार्यवाही किए जाने संबंधी आदेश दिए गए थे। विभागीय कार्यवाही के अंतर्गत इन सभी कर्मचारियों को बर्खास्त किया जा चुका था, जिसे कर्मचारियों ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने कर्मचारियों की अपील खारिज कर दी। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक बिलासपुर में हुई स्टाफ कमेटी की बैठक में दूषित प्रक्रिया के अंतर्गत भर्ती किए गए 29 अभ्यर्थीयो को पुनः बर्खास्त कर दिया गया है। इस संबंध में पंकज तिवारी सहित पूर्व में बर्खास्त किए गए 29 कर्मचारियों ने बर्खास्तगी के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका प्रस्तुत की थी। इस पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत के अनुसार बैंक को आदेश प्राप्ति दिनांक से विभागीय कार्यवाही किए जाने का आदेश पारित किया था।

- स्टाफ कमेटी की बैठक में लिया गया निर्णय

इसके अंतर्गत बैंक के प्राधिकृत अधिकारी की अध्यक्षता में स्टाफ कमेटी की बैठक आयोजित की गई, जिसमें हाईकोर्ट द्वारा दिए गए आदेशों के अनुसार निर्धारित समयावधि में कार्यवाही पूर्ण करने का निर्णय लिया गया। बैंक के सीईओ द्वारा इसके लिए जांच टीम बनाई गई, जिसमें 4 वरिष्ठ शाखा प्रबंधकों को जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। जांच के दौरान संबंधित कर्मचारियों की व्यक्तिगत सुनवाई भी की गई थी। इसके उपरांत बैंक के स्टाफ कमेटी द्वारा दिनांक 4, 5 एवं 8 अगस्त के निर्णय अनुसार एक शाखा प्रबंधक, चार सहायक लेखापाल, आठ पर्यवेक्षक, छह लिपिक सह कंप्यूटर ऑपरेटर और दस समिति प्रबंधकों सहित कुल 29 कर्मचारियों को पुनः सेवा से पृथक करने का निर्णय लिया गया। विभागीय कार्रवाई को उपरोक्त कर्मचारियों द्वारा सुप्रीम कोर्ट में भी चैलेंज किया गया था, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को खारिज कर दिया। बैंक प्रशासन द्वारा उपरोक्त प्रकरण में हाईकोर्ट में केविएट दायर भी कर दिया गया है।

### फर्जीवाड़े को प्रश्रय नहीं देंगे

बैंक की स्टाफ कमेटी द्वारा नियमानुसार जांच प्रतिवेदन के आधार पर यह निर्णय लिया गया है। इस कार्रवाई से यह स्पष्ट है कि बैंक प्रशासन किसी भी तरह के फर्जीवाड़े को प्रश्रय नहीं देता है। भविष्य में भी इस तरह की अनियमितता पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

- **सुनील सोढ़ी,** सीईओ जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित

### इन कर्मचारियों की हुई बर्खास्तगी

बर्खास्त किए गए कर्मचारियों में चंद्रशेखर कुर्रे शाखा प्रबंधक, अश्वनी चंद्राकर सहायक लेखापाल, संतोष कुमार कौशिक सहायक लेखापाल, दिलीप साहू सहायक लेखापाल, कु. सुमन यादव सहायक लेखापाल, सुनील कुमार साहू पर्यवेक्षक, विजय कुमार सिंह पर्यवेक्षक, शंशाक शेखर दुबे पर्यवेक्षक, जयप्रकाश देवांगन पर्यवेक्षक, चंचल कुमार दुवे पर्यवेक्षक, ललित कुमार राठौर पर्यवेक्षक, भूपेश कुमार राठौर पर्यवेक्षक, चंदन प्रताप सिंह पर्यवेक्षक, तुरेन्द्र कुमार साहू लिपिक सह. कम्प्यूटर आपरेटर, एम.डी. सलमान लिपिक सह कम्प्यूटर आपरेटर, तोपेश कुमार वस्त्रकार लिपिक सह कम्प्यूटर आपरेटर, शेख जलालुद्दीन लिपिक सह कम्प्यूटर आपरेटर, कु. सीमा देवांगन लिपिक सह कम्प्यूटर आपरेटर, लेखा कश्यप लिपिक सह कम्प्यूटर आपरेटर, प्रफुल्ल कश्यप समिति प्रबंधक, नरेन्द्र कुमार मिश्रा समिति प्रबंधक, एकलव्य कुमार चंद्रा समिति प्रबंधक, राहुल कुमार सोनी समिति प्रबंधक, दिनेश्वर प्रसाद पटेल समिति प्रबंधक, नरेश कुमार सिंह समिति प्रबंधक, मो. इमरान खान समिति प्रबंधक, ओमप्रकाश वारे समिति प्रबंधक, पंकज कुमार तिवारी समिति प्रबंधक एवं अमित कुमार पटेल समिति प्रबंधक शामिल हैं।

हर साल खाली रह जा रही यूजी-पीजी की सीटें, छग के स्टूडेंटस के लिए कोई कोटा निर्धारित नहीं

# सेंट्रल यूनिवर्सिटी में खाली रह गईं 300 सीटें, स्थानीय स्टूडेंट्स भटक रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रदेश के इकलौते सेंट्रल यूनिवर्सिटी गुरु घासीदास यूनिवर्सिटी हर साल यूजी-पीजी की बहुत सी सीटें खाली रह जाती है, जबकि दूसरी तरफ स्थानीय स्टूडेंट्स सेंट्रल यूनिवर्सिटी में एडमिशन लेने के लिए भटकते रहते हैं। सीयूईटी एग्जाम आधार पर काफी हाई कटऑफ जाता और बाहर से उतने स्टूडेंटस प्रवेश लेने आ नहीं पाते। वहीं सेंट्रल यूनिवर्सिटी में स्थानीय व छत्तीसगढ़ के स्टूडेंट्स के लिए कोई कोटा निर्धारित नहीं है। लोकल स्तर जब काउंसिलिंग की जाती है तब तक काफी देर हो चुका रहता है और स्टूडेंट्स किसी न किसी कालेजों में एडमिशन ले चुके होते हैं।




सेंट्रल यूनिवर्सिटी में पहले इंट्रेंस एग्जाम के माध्यम से प्रवेश दिया जाता था और अब पिछले कुछ सालों से नेशनल टेस्टिंग एजेंसी एनटीए द्वारा आयोजित कॉमन यूनिवर्सिटी इंट्रेंस एग्जाम सीयूईटी के स्कोर आधार पर एडमिशन दिया जाता है। सीयूईटी में देशभर के विभिन्न राज्यों के स्टूडेंटस शामिल होते हैं और शुरुआती दो लिस्ट में तो काफी हायर कटऑफ रहता है, जिसके कारण स्थानीय स्टूडेंटस को अवसर नहीं मिल पाता और बाहरी स्टूडेंटस ज्यादा आ नहीं पाते। इस तरह न तो यहां के स्टूडेंट्स को एडमिशन मिल पाता और न बाहर के जिन लोगों को नाम लिस्ट में रहता है वे प्रवेश लेने आते हैं। इस तरह राउंड पर राउंड काउंसिलिंग होते जाती है और सीटें भर नहीं पाती है। वहीं अगर छत्तीसगढ़ राज्य के स्टूडेंट्स के लिए प्रवेश का कोटा निर्धारित रहता तो उतनी सीटें यहां के स्टूडेंटस से ही भर जाता। क्योंकि यूनिवर्सिटी कई राउंड की काउंसिलिंग के बाद स्पॉट काउंसिलिंग, लोकल काउंसिलिंग आयोजित करती है तब तक बहुत देर हो चुका रहता है और अन्य यूनिवर्सिटी, कालेजों में स्टूडेंटस प्रवेश ले चुके रहते हैं। इस मामले में छात्र संगठनों व जनप्रतिनिधियों की निष्क्रियता भी सवाल पैदा करती है।

### गवर्नमेंट कालेजों में जिला, संभाग के बाद राज्य का फार्मूला

राज्य शासन के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा कालेजों के लिए जो प्रवेश मार्गदर्शिका सिद्धांत बनाया गया है, उसके अनुसार शैक्षणिक संस्थानों में पहले जिला के स्टूडेंटस को प्राथमिकता देना है, उसके बाद संभाग और राज्य के स्टूडेंटस को प्रवेश प्रक्रिया में प्राथमिकता दिया जाता है। गवर्नमेंट कालेजों में इसी फार्मूला के आधार पर एडमिशन दिया जाता है।

### दो काउंसिलिंग के बाद यूजी में आधी से अधिक सीट खाली

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में सीयूईटी के स्कोर आधार पर यूजी पाठ्यक्रमों में प्रवेश दिया जा रहा है। अभी तक दो राउंड की आनलाइन काउंसिलिंग हो चुकी है, उसके बाद भी आधी से अधिक सीटें खाली रह गई है। सेंट्रल यूनिवर्सिटी में यूजी के विभिन्न पाठ्यक्रमों में कुल 2 हजार 159 सीटें हैं, जिनमें पहले और दूसरे राउंड के काउंसिलिंग में लगभग 800 सीटों पर ही एडमिशन हो पाया है। सेकंड राउंड एडमिशन तहत 10 अगस्त तक स्टूडेंट्स से फीस जमा कराया गया। दोनों राउंड के आनलाइन काउंसिलिंग में एडमिशन पश्चात 18 व 19 अगस्त को उनके दस्तावेजों का सत्यापन किया जाएगा और उसके बाद भी यूजी में सीटें रिक्त रही तो 29 अगस्त को आफलाइन काउंसिलिंग आयोजित की जाएगी।

### पीजी में 300 से अधिक सीटें रह गई रिक्त

गुरू घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में पीजी पाठ्यक्रमों में भी सीयूईटी स्कोर के आधार प्रवेश दिया जाता है। पीजी पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया यूजी से पहले ही चालू हो गई थी। सेंट्रल यूनिवर्सिटी में पीजी के 33 पाठ्यक्रमों में लगभग 1400 सीटें हैं जिनपर एडमिशन के लिए पहले राउंड की काउंसिलिंग 11 जून से शुरू हुई थी, उसके बाद सेकंड राउंड काउंसिलिंग तहत 17 जून को लिस्ट जारी हुई थी। पीजी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए दो बार आनलाइन और दो बार आफलाइन काउंसिलिंग हो चुकी है और खाली सीटों को भरने के लिए 31 जुलाई को अंतिम चरण की स्पॉट राउंड काउंसिलिंग रखी गई। इस स्पॉट राउंड में बिना सीयूईटी वालों को भी मौका दिया गया था। इसके बाद भी 300 से अधिक सीटें खाली रह गई है।

### ऐसा कोई प्रावधान नहीं

सेंट्रल यूनिवर्सिटी में प्रवेश के लिए स्थानीय का कोई कोटा नहीं होता है। सेंट्रल यूनिवर्सिटी के एक्ट में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है इसलिए हमको एक्ट का पालन करना पड़ता है। वैसे इंजीनियरिंग और फार्मेसी जैसे कोर्सेस को छोड़कर बाकी कोर्स में छत्तीसगढ़ से बड़ी संख्या में स्टूडेंटस आते हैं।

- **प्रो. मनीष श्रीवास्तव,** मीडिया प्रभारी, सीयू

## खबर संक्षेप

### निषाद पार्टी ने पूर्व सांसद स्व. फूलन देवी की जयंती मनाई



**बिलासपुर।** निषाद पार्टी छग ने पूर्व सांसद स्वर्गीय वीरांगना फूलन देवी निषाद का जन्मदिन मनाया। पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने उनकी फोटो पर पुष्प अर्पित किया। जिसमे निषाद पार्टी के राष्ट्रीय सचिव व प्रदेश प्रभारी संजय सिंह राजपूत ने कहा कि हमें पूर्व सांसद एवं स्वर्गीय वीरांगना फूलन देवी के संघर्ष से सीख लेनी चाहिए। आज वीरांगना फूलन देवी निषाद के जन्म जयंती पर उन्हें नमन करते हैं। जिसने अन्याय के ख़िलाफ़ आवाज़ उठाई,जो दबे-कुचले दलित शोषित समाज की पहचान बनी। कार्यक्रम में इंजीनियर राजकुमार निषाद प्रदेश संगठन अध्यक्ष, धनेश केवट प्रदेश सचिव, बसंत केवट प्रदेश सचिव, माधव निषाद जिला अध्यक्ष बिलासपुर, भागीरथी निषाद, तिरुपतिनाथ कैवर्त, रामफल केवट, आदि मौजूद थे। निषाद पार्टी के संजय सिंह राजपूत, राज कुमार निषाद, तिरुपति नाथ कैवर्त, बसंत कैवर्त्य, माधो निषाद, भागीरथी निषाद आदि मौजूद थे।

### सिंधु चेतना का विशाल स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविर 15 को



**बिलासपुर।** सिंधु चेतना की नवगठित टीम की बैठक में नव-निर्वाचित अध्यक्ष दिनेश नागदेव ने अपनी कार्यकारिणी की घोषणा की। जिसमें मनोज उभरानी को सचिव तथा लालचंद मोटवानी एवं विष्णु वाधवानी को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। सिंधु चेतना जो स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में लगातार कार्यरत है, अपनी इसी सेवा भावना को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी 15 अगस्त को व्यापार विहार में स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविर का आयोजन करने जा रही है। यह शिविर हैंड्स संस्था एवं सिंधु चेतना के संयुक्त तत्वावधान में होगा। इसमें अपोलो अस्पताल के चिकित्सक—गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी, एम.डी. मेडिसिन, अस्थि रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग, फिजियोथैरेपी, नेत्र रोग, सहायक चिकित्सा आदि के विशेषज्ञ अपनी सेवाएं देंगे। बैठक में जरूरतमंद एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए चलाई जा रही समाधान योजना पर भी चर्चा हुई। योजना के कार्यकारी अध्यक्ष रवि पृतवानी ने बताया कि समाज का कोई भी सदस्य, जिसे स्वास्थ्य या शिक्षा के क्षेत्र में कठिनाई हो और जो स्वयं समाधान करने में सक्षम न हो, वह अपने वार्ड के सिंधी पंचायत को आवेदन कर हमसे संपर्क कर सकता है।

### स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय में दीक्षारंभ समारोह




**बिलासपुर।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय में आज प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के लिए दीक्षारंभ समारोह आयोजित किया गया। महाविद्यालय के मुख्य प्रवेश द्वार पर नव प्रवेश लिए विद्यार्थियों का महाविद्यालय के प्राध्यापकों ने तिलक लगा कर स्वागत किया। मुख्य अतिथि महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष नंदलाल चौधरी थे। अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. यू. के. श्रीवास्तव ने की। विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के विविध प्रावधानों की जानकारी डॉ.प्रेमलता वर्मा ने दी। उन्होंने हिमांशी साहू और देवेश शर्मा का भी परिचय कराया। महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधाएं से डॉ.राजकुमार सचदेव ने अवगत कराया। प्राचार्य डॉ.श्रीवास्तव ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में विषय के ज्ञान के साथ दक्षता विकास और कौशल विकास पर प्रधानता दी गई है। मुख्य अतिथि नंदलाल चौधरी ने कहा कि आप सभी श्रेष्ठ और अच्छे नागरिक बनकर देश और समाज के लिए उपयोगी बनें। समारोह में प्रो.बी.के.त्रिपाठी, डॉ.संजय धनवानी, डॉ.रामेश्वरी बंजारा, प्रोफेसर प्रकाश त्रिपाठी, ज्योति यादव, डॉ.अविनाश सिंग, कृतिका, प्रो.अविनाश, प्रो.श्वेता,प्रो. मानसी शर्मा,प्रो.श्रीवानी शर्मा, मीनाक्षी, राजेश उइके, गिरधारी सलाम, राजेश राज, रिषि अग्रवाल, सौरभ आदि मौजूद थे।

### जीडीसी में एलुमनाई एसोसिएशन का यातायात जागरुकता कार्यक्रम



**बिलासपुर।** बिलासा कन्या महाविद्यालय में महाविद्यालय एलुमनाई एसोसिएशन और एनसीसी के संयुक्त तत्वाधान में यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि जिले की अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अर्चना झा रहीं, अध्यक्षता महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ अंजू तिवारी ने की। कार्यक्रम का संयोजन डॉ कावेरी दाभड़कर ने किया। संचालन रश्मि पटेल व मनीषा गुप्ता ने किया। आयोजन में डॉ. अंबुज पाण्डेय, मधुलिका सिन्हा, डॉ श्रद्धा दास, डॉ सुशीला एक्का, डॉ ऊषा सिंह, डॉ हरिणी रानी आगर, डॉ संगीता शुक्ला, सुषमा घई, मोनिका श्रीवास्तव, डॉ तृप्ति टंडन, डॉ अर्चना पाण्डेय, शैलजा गोयल, डॉ हेमन्त पाल घृतलहरे आदि मौजूद थे। कार्यक्रम में सत्यभामा अवस्थी, शीला तिवारी, सपना हेनरी शारदा कश्यप, रईसा बानो, अंजली स्वर्णकार, रंजना दीक्षित, जगदीश सलूजा, ज्योति रानी सिंह, नमिता घोष, वंदना तिवारी, मुक्ता दुबे, कस्तूरी सेठी, गीता सिंह, छाया तिवारी, मुकुल दुबे, वीणा अग्रवाल, सबीर टुटेजा आदि एल्युमनी और सेवानिवृत्त वरिष्ठ महिलाओं का शॉल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अर्चना झा ने कहा कि बुजुर्ग वर्ग को इस उम्र में सहयोग, सहारा देना, उनका हालचाल जानना, उनको अकेलेपन से बचाने उनके साथ होना, उन्हें अपराधों का शिकार होने से बचाना और उनमें आत्मविश्वास जागृत करना होगा।

**बैंकों को अल्टीमेटम** | उद्योग की अधिकार प्राप्त समिति की 68 वीं बैठक, उद्योगों को मिले 5 लाख का क्रेडिट कार्ड

# उद्योगों को जल्द से जल्द मुहैया कराएं फंड, लापरवाही बर्दाश्त नहीं



**बिलासपुर।** एमएसएमई सेक्टर के उद्योगपतियों को बैंकों द्वारा बेवजह फंड के लिए घुमाना अब मंहगा पड़ सकता है। अधिकारी प्राप्त समिति की 68 वीं बैठक में अध्यक्षता करते हुए क्षेत्रीय डायरेक्टर ने सीधे तौर पर बैंकों को आड़े हाथों लिया और कहा कि उद्योगों को जल्द से फंड उपलब्ध कराएं, उन्होंनें समझाईश देते हुए कहा कि इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी साथ ही कार्रवाई की भी अनुशंसा करने की बात कही है।

रिजर्व बैंक की 68 वीं बैठक में राज्य प्रमुख एवं क्षेत्रीय डायरेक्टर रीनी अजीथ ने बैंकर्स और उद्योगपतियों की बैठक ली। एमएसएमई सेक्टर को रिजर्व बैंक व सरकार द्वारा वित्तिय सहायता देने में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरते की समझाईश दी है। तय नियमों का पालन नहीं करने पर बैंकों पर ही कार्रवाई करने की बात कही गई है। उन्होंने कहा कि एमएसएमई सेक्टर की परिभाषा बदली है अब नए उद्योग जुड़ने लगे है, इनकी वित्तिय जरूरत को पूरा करने का दायित्व बैंकों पर है। बैठक में स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक,सेंट्रल बैंक,बैंक ऑफ बड़ौदा, एचडीएफसी, आईसीआईसीआई, एक्सिस बैंक,कोटक महिन्द्रा बैंक,सिडबी बैंक सहित सभी बैंकों के राज्य प्रमुख मौजूद रहे।

### 10 करोड़ की गई है फंड स्कीम की लिमिट

बैठक में अधिकारियों ने बताया कि सूक्ष्म उद्योगों को पांच लाख का क्रेडिट कार्ड देने में भी बैंक कोताही बरत रहे है, जबकि इसमें किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होनी चाहिए। वित्तीय जरूरतों को ध्यान में रखते हुए इसका फायदा उद्योपतियों को दिया जाना चाहिए।उन्होंने जानकार देते हुए कहा कि क्रेडिट गारंटी फंड स्कीम की सीमा 5 करोड़ से बढ़ाकर 10 करोड़ कर दी गई है। स्टार्टअप एवं स्टैंडअप योजनाओं के अंतर्गत प्रपोजल को तत्काल स्वीकृति दी जानी चाहिए।

### समस्याओं का निकलेगा हल

रायपुर स्थित होटल में फेयर रिसार्ट में आयोजित बैठक में कमेटी में एक मात्र अशासकीय सदस्य व छत्तीसगढ़ लघु एवं सहायक उद्योग संघ प्रदेश अध्यक्ष हरीश केडिया उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि बैंक एवं उद्यमियों के बीच आपसी समन्वय एवं सहयोग बढ़ाने से समस्याओं का हल निकल सकता है। कई बैंकों में संवादहीनता की स्थिति है। श्री केडिया ने उद्योपतियों की शिकायत पहुंचाई और कहा कि बैंकों में ग्राहक मिलन समारोह आयोजित नहीं किया जा रहा है। रिजर्व बैंक की निरंतर पहल के कारण कुछ बैंक उद्योगपतियों से संपर्क साधने में लगे है। स्टेट बैंक ने हाल ही में उद्योग संघ के साथ बैठक आयोजित किया है। पीएनबी,सिडबी बैंक,यूनियन बैंक ने भी संपर्क बनाया है।

### अर्थव्यवस्था हुई है मजबूत

हरिश केडिया ने कहा कि धान का उचित मूल्य मिलने एवं विभिन्न शासकीय योजनाओं के कारण ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत हो रही है, ग्रामीण क्षेत्र में पैसा आ रहा है। इन पैसों के कारण बाजार की भी ग्राहकी बढ़ी है। बैंकों की भी जिम्मेदारी है कि उन्हें इन पैसों का सही उपयोग करना सिखाएं। नशा प्रवृति एवं गैर जरूरी खरीदी के उलट बचत करें एवं उत्पादकता बढ़ाने का प्रयास किया जा सकता है। उन्होंने बैंक कर्मचारियों को ग्राहकों से संवाद के लिए प्रशिक्षण की बात भी दोहराई। उद्योग संघ इसके लिए तैयार है। उद्योग विभाग की जमीन फ्री होल्ड की जा रही है, प्राईमरी सिक्यूरिटी के रूप में बैंक को फ्री होल्ड जमीन मिलेगा। रिजर्व बैंक द्वारा दो बार रेपो रेट में कमी की गई, लेकिन एमएसएमई सेक्टर को बढ़ा हुआ ब्याज दर देना पड़ रहा है।


परसदा के चोरभट्टी का मामला

# युवक पर 17 बार चाकू से वार, सिम्स के डाक्टरों ने दिया जीवनदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दो पक्षों के बीच मामूली विवाद के बीच 19 वर्षीय युवक पर बेरहमी से किए गए वार के बाद सिम्स के डाक्टरों ने जीवन दान दिया है। युवक की सफल सर्जरी कर घाव भरे गए है,युवक अब सामान्य जीवन जी रहा है।

ज़िंदगी और मौत के बीच झुल रहे 19 वर्षीय युवक के दर्द की कहानी सुन हर कोई सिहर उठता है, चोरभट्टी के पास मामूली कहासुनी ने खौफनाक रूप ले लिया। विवाद बढ़ने पर आरोपियों ने युवक पर बेरहमी से 17 बार चाकू से वार कर दिए गए। खून से लथपथ युवक को सिम्स लाया गया, इस दौरान उसकी सांसें टूट रही थी, छाती में गहरे घाव से फेफड़े फट चुके थे, सांसे अधूरी चल रही थी। पेट के अंदरूनी हिस्से भी चाकू से कई वार किए गए थे जिससे कई नशे कट चुकी थी। युवक की जान जोखिम में जान सिम्स के डाक्टरों ने सर्जरी का फैसला किया और सर्जरी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. विनोद तामकनंद और पीजी डॉक्टर गरिमा ने तुरंत ऑपरेशन शुरू किया। एनेस्थीसिया विभाग से डॉ. भावना रायजादा, डॉ. शीतल, डॉ. प्राची और नर्सिंग स्टाफ की सिस्टर मीना ने घंटों की मेहनत के बाद युवक की जान बचाई। ऑपरेशन में डॉक्टरों ने कट चुकी आंत को जोड़ा, फटे डायफ्राम की मरम्मत की और फेफड़ों को फिर से सांस लेने लायक बनाया। वर्तमान में युवक स्वास्थ्य लाभ ले रहा है।




**चाकूबाजी से थर्राया जिलाः** जिले में लगातार चाकूबाजी हो रही है, जिससे जिला क्राइम के मामले में सिरमौर बना हुआ है, यही कारण है कि चाकूबाजी की बढ़ती घटनाओं से जिला थर्रा रहा है। इस बीच सर्वाधिक केस सिम्स पहुंच रहे है। सिम्स के डाक्टर अपनी जिम्मेदारी भी बखुबी निभा रहे है। बताया जा रहा है कि इस मामले में भी सिम्स के अधिष्ठाता डॉ. रमणेश मूर्ति और चिकित्सा अधीक्षक डॉ. लखन सिंह ने हर तरह की मदद के लिए डाक्टरों को संसाधन जुटाए है। घंटों की जद्दोजहद के बाद ऑपरेशन सफल रहा मौत को मात देकर युवक ने आंखें खोलीं। ज़िंदगी की दूसरी पारी खेलने युवक अब घर लौट चुका है।

**झांझरिया कंपनी ने रोक दिया था काम**

# रिश्वत मामले में रेलवे के सीई सस्पेंड, कंपनी ने शुरू किया काम

**बिलासपुर।** जोनल मुख्यालय के मुख्य अभियंता के पद पर पदस्थ विशाल आनंद को रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तारी के बाद सस्पेंड कर दिया गया है, वहीं झांझरिया निर्माण कंपनी के भी एमडी और अन्य कर्मचारी के खिलाफ भी कार्रवाई चल रही है। इस दौरान महीनों से रूके बिलासपुर रेलवे स्टेशन के डेवलपमेंट के काम की शुरुआत कंपनी की ओर से कर दी गई है।

बिलासपुर स्टेशन को डेवलप करने के लिए रेलवे बोर्ड ने 392 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान करने के बाद एयरपोर्ट की तरह बनाने के लिए 392 करोड़ रुपए ठेका बिलासपुर के जगमल चौक स्थित झांझरिया निर्माण कंपनी लिमिटेड को दिया था। काम शुरू होने के कुछ समय बाद तीन माह पहले सीबीआई की टीम ने रेलवे के मुख्य अभियंता विशाल आनंद को झांझरिया निर्माण कंपनी लिमिटेड से 32 लाख रुपए के रिश्वत मामले में गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद झांझरिया कंपनी के एमडी सुशील झांझरिया, विशाल आनंद का भाई कुणाल आनंद और झांझरिया कंपनी का कर्मचारी मनोज पाठक के खिलाफ भी गिरफ्तारी की कार्रवाई की गई। इसके बाद से रेलवे स्टेशन में भी चल रहे पुनर्विकास के कार्य को बंद कर दिया गया था।रेलवे बोर्ड ने बिलासपुर जोन के चीफ इंजीनियर को सस्पेंड कर दिया है। वहीं सीबीआई की जांच रिपोर्ट अब तक जोन मुख्यालय को प्राप्त नहीं हो पाई है। कम्पनी ने निर्माण कार्य चालू कर दिया है।



बिलासपुर रेलवे स्टेशन के सामने रखा गया निर्माण सामग्री।

### किए गए हैं सस्पेंड

सीबीआई की जांच में रिश्वत के मामले में चीफ इंजीनियर को सस्पेंड कर दिया गया है। वहीं अब तक सीबीआई की कोई भी रिपोर्ट जोन मुख्यालय को प्राप्त नहीं हुई है। रिपोर्ट मिलने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**-सुस्कर विपुल विलास राव**
सीपीआरओ,
एसईसीआर

## बिल्हा स्वास्थ्य केन्द्र को मिली सी-आर्म मशीन की सौगात, मिलेगा फायदा

**बिलासपुर।** बिल्हा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में जल्द ही हड्डी रोगियों को नई सौगात मिलेगी, स्वास्थ्य विभाग ने 12 लाख की लागत से आर्थोपेडिक वार्ड में सी-आर्म मशीन की स्थापना की है। इस मशीन के आने के बाद हड्डी रोग के मरीज का आसानी से इलाज संभव हो सकेगा। डिस्लोकेशन, रि-प्लेसमेंट जैसे काम अबतक बिना किसी तकनीक के डाक्टरों द्वारा की जाती रही है, लेकिन मशीन आने के बाद मरीजों को राहत मिल रही है।

- **रोजाना 50 से अधिक आर्थोपेडिक मरीज पहुंचते हैं अस्पताल**

सिम्स के मेडिकल कालेज में आर्थोपेडिक वार्ड में सी-आर्म मशीन की सुविधा नहीं है, लेकिन स्वास्थ्य विभाग ने हाल ही में बिल्हा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में इस मशीन की स्थापना की है। हड्डी से संबंधित माइनर और मेजर आपरेशन जल्द ही अस्पताल में शुरू किए जाएंगे। वर्तमान में सी-आर्म मशीन की सहायता से अस्पताल में आने वाले मरीजों के डिस्लोकेशन, रि-प्लेसमेंट जैसे इलाज तत्काल और प्रभावी तरीके से संपन्न कराए जा रहे हैं। करीब 12 लाख रूपए की लागत से मशीन का इंस्टालेशन किया गया है। डॉ अजय पांड्या ने बताया कि हाल ही में मशीन लगाई गई है, मरीजों के इलाज में इसकी मदद मिल रही है, फिलहाल बिना सर्जरी के भी हड्डियों को बैठाने और मुव्मेंट का सही पता लगाने के लिए मशीन कारगर साबित हो रही है।

### मरीजों को मिलेगा फायदा

मशीन का इंस्टालेशन हाल ही में किया गया है, बेहतर तरीके से मशीन चल रही है, इसका फायदा यहां आने वाले मरीजों को जरूर होगा।

**-डॉ अजय पांड्या**, विशेषज्ञ, आर्थोपेडिक वार्ड

### बेहतर होगी सुविधा

शासन द्वारा मशीन भेजी गई है, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में रोजाना हड्डी से संबंधी रोगी इलाज के लिए पहुंचते है, कई बार छोटी सी समस्या के लिए भी उन्हें शहर के अस्पताल में रिफर कर दिया जाता था, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। डाक्टर सी आर्म मशीन का उपयोग कर बेहतर इलाज कर सकेगें। डाक्टरों की अन्य मांगे भी है जिसपर शासन को पत्र भेजा गया है।

**-डॉ शुभा गरेवाल**, सीएमएचओ, स्वास्थ्य विभाग

## जंगल से भटककर मरही माता मंदिर के पास पहुंचा तेंदुआ

**बिलासपुर।** जंगल से भटकते हुए तेंदुआ खोंगसरा-पेण्ड्रारोड के मुख्य मार्ग पर स्थित ऐतिहासिक मंदिर मरही माता मंदिर के पास पहुंच गया। इसे सुबह देखने के बाद पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गई है। सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम ने अलर्ट जारी करते हुए लोगों को घर से बाहर नहीं निकलने की सलाह दी है। भनवारटंक मरही माता मंदिर का क्षेत्र जंगल के बीच में घिरा हुआ है, जहां मांसाहारी और शाकाहारी वन्यप्राणियों कभी भी पहुंच जाते हैं। कुछ दिन पहले एक टाइगर मंदिर के आसपास विचरण कर रहा था, जिसके कारण पूरे क्षेत्र में वन विभाग की टीम ने अलर्ट जारी कर दिया था। मरही माता मंदिर भनवारटंक में प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने के लिए पहुंचते हैं। इसी तरह मंगलवार को प्रत्यक्षदर्शी और सामजिक कार्यकर्ता प्रदीप शर्मा किसी काम से कार में गुजर रहे थे। इस दौरान अचानक गाड़ी के पास से जंगल में छोड़ी गई गायों को दौड़ाते हुए तेंदुआ दिखाई दिया। इसकी सूचना उन्होंने तत्काल वन विभाग खोंगसरा के डिप्टी रेंजर नरेन्द्र बैसवाड़े और चौकीदार टीकाराम जैसवाल को देने के साथ रास्ते में मिलने वाले सैलानियों को भी सावधान रहने की सलाह दी, ताकि कोई घटना न हो। सूचना मिलने के बाद डिप्टी रेंजर नरेन्द्र बैसवाड़े ने तत्काल मौके पर पहुंचने के बाद अलर्ट जारी कर दिया। टीम ने सैलानियों और ग्रामीणों को सतर्क रहने के अलावा तेंदुआ या किसी भी वन्यप्राणी को उकसाने की कोशिश करने से मना कर दिया। टीम ने मौके पर पहुंचकर सुझाव दिया कि जंगल के पास वाहन की गति नियंत्रित रखें, वन्यप्राणी दिखने पर तत्काल वाहन के अंदर रहने के साथ दूरी बनाए रखें। बच्चों और पालतू जानवरों को खुला न छोड़ें। स्थानीय प्रशासन और वन विभाग ने इस क्षेत्र मे गश्त बढ़ाने और सैलानियों को सतर्क रहने कहा गया है।

## चौकसे कॉलेज के दीक्षारंभ, 2025 में छात्रों ने जाना नैतिक मूल्य व अनुशासन



**बिलासपुर।** चौकसे इंजीनियरिंग कॉलेज में इंडक्शन प्रोग्राम दीक्षारंभ 2025 का आयोजन किया गया। इसमें नए स्टूडेंट्स को तकनीकी शिक्षा के साथ साथ नैतिक मूल्यों व अनुशासन सीखने की सलाह दी गई।

चौकसे ग्रुप के चौकसे इंजीनियरिंग कॉलेज ने बीटेक. प्रथम वर्ष (वैच 2025 2029), एमबीए (वैच 2025-2027) तथा एम. टेक. (वैच 2025 2027) के छात्रों के लिए इंडक्शन बीक दीक्षारंभ 2025 का आयोजन किया। जिसमे विद्यार्थियों के साथ उनके पलको ने भी हिस्सा लिया। इसमें मुख्य अतिथि कुंदन राठौर ए. जी. एम. एनटीपीसी सीपत, विशिष्ट अतिथि इंजीनियर वरुण राजपूत, सुप्रीटेनडेंट इंजीनियर पीएमजीएसवाय सर्किल बिलासपुर, महाविद्यालय के प्रबंध निदेशक डॉ आशीष जायसवाल थे। साथ ही विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष जिनमे सीएसई, एआईएमएल, एआईडीएस की विभागाध्यक्ष डॉ शानू कुट्टन, डॉ शुभलक्ष्मी तिवारी, डॉ शैलेश देवांगन, प्राध्यापक अरुण कुमार जैन तथा प्राध्यापक सचिन मेश्राम भी उपस्थित थे।

**एजुकेशन प्लस**

महविद्यालय के प्राचार्य डॉ नितिन जैन ने सभी का स्वागत करते हुए महाविद्यालय उपलब्धियों के साथ उनके पाठ्यक्रम की रूप रेखा, कार्यप्रणाली के बारे में नवप्रवेषित छात्र छात्राओं को जानकारी दी। महाविद्यालय के एडमिशन इनचार्ज नितिन कुमार, सुभाष चावला तथा प्राध्यापक मोहिनी मोइत्रा ने महाविद्यालय के विभिन्न क्रियाकलापों से अवगत कराया। मुख्य अतिथि कुंदन राठौर ने विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा के साथ साथ नैतिक मूल्यों, अनुशासन और निरंतर सिखने की भावना अपनाने की सलाह दी। विशिट अतिथि इंजीनियर बरुण राजपूत ने नवप्रवेषित छात्रों को शुभकामनाएं दी। महाविद्यालय के प्रबंध निदेशक डॉ आशीष जायसवाल ने छात्र छात्राओं से कहा कि यह संस्थान केवल तकनीकी शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि एक ऐसा मंच है, जहां छात्रों के सर्वांगीण विकास पर बल दिया जाता है। इंडक्शन प्रोग्राम विद्यार्थियों को एक नई शुरुआत का अवसर देता है, जिससे वे अपने लक्ष्य और दायित्वों को स्पष्ट रूप से समझ सकें।

**चार माह तक प्रबंधन देता है किसी न किसी तरह का काम**

# एटीआर बंद होते ही खाली हो जाते हैं गाइड और जिप्सी चालक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अचानकमार टाइगर रिजर्व का रास्ता बंद होने के बाद जंगल का भ्रमण कराने वाले जिप्सी के चालक और गाइड पूरी तरह से खाली हो जाते हैं, लेकिन उनका भरण पोषण करने के लिए चार माह तक प्रबंधन किसी न किसी तरह का काम कराकर वेतन प्रदान करते हैं।

प्रतिवर्ष बारिश के मौसम में एटीआर प्रबंधक शिवतराई के बेरियर को चार माह के लिए बंद कर देती है। इन चार माह के दौरान सैलानियों के लिए मुख्य रूप से कोर जोन का रास्ता ही बंद होता है, जहां टाइगर के अलावा शाकाहारी व मांसाहारी वन्यप्राणियों की संख्या अधिक होती है। कोर जोन में सैलानियों को भ्रमण कराने के लिए निजी समितियों के सदस्यों को जिम्मेदारी दी गई है, जो अपने जिप्सी के जरिए सैलानियों को भ्रमण कराने के साथ उन्हें जगह की जानकारी भी देते हैं। इसके लिए विशेष रूप से समिति का गाइड भी उपलब्ध रहता है। एटीआर में पहुंचने वाले सैलानियों से ही समिति के सदस्यों का भरण पोषण होता है। समिति में महिला सदस्यों की संख्या अधिक रहती है। चार माह यानि जुलाई से लेकर अक्टूबर तक अचानकमार टाइगर रिजर्व का रास्त बंद होने के बाद समिति के सदस्यों की होने वाली आवक पर भी असर पड़ता है। इन सदस्यों को किसी तरह की परेशानी न हो, इसे देखते हुए एटीआर प्रबंधन उनसे जंगल की सुरक्षा कराने के अलावा अन्य कार्यों को भी कराती है, जिसके लिए उन्हें वेतन भी दिए जाते हैं।



### बफर जोन में चलती है जिप्सी

एटीआर का रास्ता चार माह लिए बंद होने पर समिति के सदस्य वन्यजीवों के प्रजनन काल में उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठाते हैं। मुख्य रूप से वे सफारी को बंद कर देते हैं, लेकिन बफर क्षेत्र में सफारी जारी रखते हैं, जिससे सैलानियों को वन्यजीवों को देखने का अवसर मिलता है। इसके अतिरिक्त वे अवैध शिकार और अन्य हानिकारक गतिविधियों को रोकने के लिए गश्त और निगरानी तेज करते हैं।

### पूरा सहयोग करते हैं सदस्य

एटीआर में 11 जिप्सी का संचालन समिति की ओर से किया जाता है। चार माह तक जब गेट और काम बंद होने के बाद समिति के सदस्य खाली हो जाते हैं, तो उन्हें टीसीएस से आधा वेतन का प्रावधान हैं। इसके अलावा प्रबंधन की ओर से जिस कार्य के लिए उन्हें बुलाया जाता है, वह उसमें पूरा सहयोग करते हैं।

**-यू आर गणेश**
डिप्टी डायरेक्टर, एटीआर

## चितवन फार्म हाउस लोगों को दे रहा प्रकृति के बीच रहने का अहसास

**बिलासपुर।** गोल्ड फार्म की अपार सफलता के बाद डीसीटी रियल स्टेट द्वारा चितवन फार्म की नई सौगात शहरवासियों को दे रहा है। जहां लोग प्रकृति के बीच शांति भरे वातावरण में निवास कर सके। यह रायपुर रोड का पहला और एकमात्र फार्म हाउस प्रोजेक्ट है। नेशनल रोड से जुड़ा होने के कारण लोगों के बीच इसकी अच्छी मांग बढ़ रही है।

**बिजनेस प्लस**

डीसीटी रियल स्टेट डेवलपर शहर का जाना-पहचाना और विश्वनीय नाम बन चुका है। कंपनी द्वारा निर्मित गोल्ड फार्म को लोगों द्वारा काफी पसंद किया गया है। लोगों की विश्वनीयता को देखते हुए रायपुर रोड स्थित ग्राम मोहदा मोड़ के पास चितवन फार्म की शुरूआत की जा रही है। जहां योगा, मेडिटेशन जोन, किड्स प्ले एरिया, स्वमिंग पुल, बैडमिंटन कोर्ट के अलावा अन्य आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध है। 24 घंटे वाटर सप्लाई और बिजली व्यवस्था रखी गई है। साथ ही पूरे क्षेत्र की सुरक्षा के लिए बाउंड्रीवाल की गई है। चितवन फार्म का एंट्री गेट भव्य और आकर्षक बनाया गया है, जो लोगों को शहर से अलग होने का अहसास दिलाता है। यह प्रोजेक्ट रायपुर रोड का पहला और एकमात्र फार्म हाउस हैं, जो पूरी तरह टी एण्ड सी एप्रूव्ड है।

बिलासपुर, बुधवार 13 अगस्त 2025

# हरिभूमि लाइव

Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



**बैठक**

## वंदेमातरम संगठन का चार वर्ष होने पर प्रखर वक्ता सुनील रखेंगे विचार



**बिलासपुर।** वंदेमातरम मित्र मंडल की 209 वीं में बैठक ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के राजकिशोर नगर शाखा में रखी गई। ब्रह्मकुमारी मंजू दीदी प्रमुख रूप से बैठक में उपस्थित रही बैठक में महेंद्र जैन ने वंदेमातरम के गठन और विभिन्न कार्यक्रम जो की सनातनियों को एक प्लेटफार्म में लाने के निमित्त किए गए और किया जा रहे हैं पर प्रकाश डाला। पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ,विष्णु शंकर जैन, अश्वनी उपाध्याय जैसे व्यक्तित्व के कार्यक्रम वंदे मातरम मित्र मंडल ने करवाए हैं। इसी कड़ी में 17 तारीख को वंदेमातरम मित्र मंडल के 4 साल पूर्ण होने पर भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय सचिव प्रखर प्रवक्ता प्रचारक सुनील देवधर के उद्बोधन करेंगे। ब्रह्मकुमारी मंजू दीदी ने कहा की हमें अपने काम,क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार इनमें से किसी भी एक चीज का त्याग आवश्यक रूप से करना चाहिए।

# बच्चों को सिखाया गया थ्रीडी प्रिंटर, वेक्यूम क्लीनर बनाना

नूतन चौक स्थित इन्क्यूवेशन सेंटर में मंगलवार को नगर निगम आयुक्त अमित कुमार के निर्देशन में मंगलवार को मेगा टिकरिंग डे मनाया गया। इसमें पूरे बिलासपुर से 35 गाइड टीचर, 9 पालक व 120 बच्चों की सहभागिता रही। बच्चों को थ्रीडी प्रिंटर, वेक्यूम क्लीनर बनाना सिखाया गया।

**इन्क्यूवेशन सेंटर में मनाया गया मेगा टिकरिंग डे**




हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सेंटर प्रभारी धनंजय पाण्डेय ने बताया कि यह नीति आयोग का कार्यक्रम था। इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों में नई वैज्ञानिक सोच उत्पन्न करना, केंद्र सरकार की योजनाओं का क्रियान्वयन करना रहा। इस आयोजन में 10 हजार लेब से सैकड़ों बच्चों का एक साथ टिंकरिंग किया गया। पूरे हिन्दुस्तान में इतने सारे बच्चों को एक साथ जोड़ना एक रिकॉर्ड रहा। इसका 5 टीवी व 2 प्रोजेक्टर के माध्यम से पूरे हिन्दुस्तान में लाइव प्रसारण भी किया गया। ग्रुप कैप्टन वाय. सी. श्रीनिवास ने टेक्निकल प्वाइंटस पर बच्चों को गाइड किए। सेंटर प्रभारी श्री पाण्डेय ने बच्चों को सेंटर स्थापना का उद्देश्य, इनोवेशन स्टार्टअप की जानकारी दी और बताया कि इनोवेशन के लिए क्या चाहिए? उन्होंने कहा कि बच्चे एक बार सही हो जाए उनकी पूरी जिंदगी बन जाएगी। मैंटर ग्रुप से डॉ राघवेन्द्र गौरहा ने भी बच्चों को गाइड किया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में ग्रुप कैप्टन श्रीनिवास, इन आर्मी पैरा कमाण्डो पुरूषोत्तम चंद्रा, भारती खूबालकर, अजय श्रीवास्तव उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रकाश निर्मलकर, चिन्मय देव, अदिवा, श्याम जायसवाल, आकांक्षा, अंकित, विपुल देशपाण्डे उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मंजू दास ने किया।

### बच्चों को स्टडी करने में होगी सुविधा

युवा धीरेंद्र गोस्वामी ने आए शिक्षकों से चर्चा की और बताया कि उनका ओपन्सटफ नाम से एक वेबसाइट है। इसमें देश भर के शिक्षक जिन्हें कुछ स्कील आती है, उसका कोर्सेस बना कर प्रोवाइट कर सकते हैं। इससे टीचर को अतिरिक्त लाभ तो होगा ही बच्चे घर बैठे स्टडी कर सकते हैं। इस प्लेटफार्म में डिजाइनिंग, वीडियो सहित स्कूल से संबंधित कुछ भी चीज आ सकती है। उन्होंने बताया कि इसके लिए वे टेक्नालॉजी बना चुके हैं और निवेशक ढूंढ़ रहे हैं।




### जरूरत है गहन चिंतन की : घटक

कार्यक्रम में आए आर्किटेक्ट देवाशिष घटक ने बच्चों को थ्रीडी प्रिंटिंग, प्रोडक्ट बनाने, मशीन कैसे काम करती है? प्रोडक्शन से पहले नवाचार क्या हो सकता है, के बारे में बताया और कहा कि प्रिंटिंग के लिए गहन चिंतन की जरूरत है। इसमें वे अपना कुछ नया क्रिएशन भी कर सकते हैं। उन्होंने नवाचार के माध्यम से मॉडलिंग के बारे में बताया। इनपुट दिया कि डिजाइन को मशीन तक कैसे पहुंचाएं। मिनिएचर प्रारूप बना कर लाइव दिखाया गया।

**आयोजन**

## राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौड़ की 387वीं जयंती आज



**बिलासपुर।** दुर्गादास राठौड़ की 387वीं जयंती के उपलक्ष्य में भव्य समारोह का आयोजन बुधवार को किया जाएगा। क्षत्रिय राठौर समाज कल्याण समिति द्वारा इसमें शहर के समस्त स्वजातीय बंधुओं एकत्रित रहेंगे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि संस्थान संरक्षक सर्व राम सागर राठौर, हरीश राठौर उपस्थित रहेंगे उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता हरिशंकर राठौर द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम में संस्थान के बच्चों के द्वारा भाषण, पेंटिग, प्रश्नोत्तरी, कविता पाठ किया जाएगा। जिसमें प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार एवं सांत्वना पुरस्कार भी दिया जाएगा। राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर बालोद्यान एवं सामुदायिक भवन राजकिशोर नगर मनाया जाएगा। उक्त मीटिंग में हरिशंकर राठौर, नवनीत सिंह राठौर, विवेक सिंह, राकेश सिंह राठौर, द्वारिका राठौर, राजकिशोर राठौर आदि उपस्थित थे।

घर-घर तिरंगा अभियान के तहत मंगलवार को डॉ सी वी रमन विश्वविद्यालय में घर-घर तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल भरनी के 40 से अधिक जवानों ने इसमें हिस्सा लिया। साथ ही विश्वविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स और विद्यार्थी बड़ी संख्या में शामिल हुए। देशभर में घर-घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है।




# तिरंगे के रंग में रंगा सीवीआरयू

**बिलासपुर।** इस क्रम में डॉक्टर सी वी रमन विश्वविद्यालय में भी घर-घर तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल भरनी के 40 से अधिक सेवा के जवानों ने इस यात्रा में हिस्सा लिया। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल भरनी से रैली में भारत माता के जयकारा लगाते हुए विश्वविद्यालय पहुंचे। यहां विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो प्रदीप कुमार घोष और कुल सचिव डॉ अरविंद कुमार तिवारी ने तिरंगा यात्रा का स्वागत किया। एनसीसी कैडेट्स और विद्यार्थियों ने कैंपस के अंदर तिरंगा यात्रा निकाली। तिरंगा यात्रा कोटा के मुख्य मार्ग होते हुए वापस विश्वविद्यालय परिसर पहुंची।

### तिरंगा लोकतंत्र के प्रति हमारे संकल्प का प्रतीक : कुलपति

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो प्रदीप कुमार घोष ने कहा कि तिरंगा सिर्फ राष्ट्रीय ध्वज ही नहीं यह हमारी स्वतंत्रता और लोकतंत्र के प्रति हमारे संकल्प का प्रतीक है। हमें इस पर गर्व होना चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ अरविंद तिवारी ने कहा कि भावी पीढ़ी के मन में देशभक्ति की भावना और उसके प्रति सम्मान जागृत करने के लिए घर-घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। ऐसे आयोजन से राष्ट्रीयता की भावना मजबूत होती है। इस अवसर पर सीआरपीएफ के डिप्टी कमांडेंट नीलकमल, विवेकानंद, शैलेंद्र, विवेकानंद ठाकुर, लेफ्टिनेंट संदीप सिंह ठाकुर , एनएसएस समन्वयक डॉ जयशंकर यादव सहित बड़ी संख्या में सीआरपीएफ भरनी के जवान मौजूद रहे।

# विद्यार्थियों के समग्र विकास की दिशा में एक बड़ा कदम

**बिलासपुर।** शासकीय माता शबरी नवीन गर्ल्स पी.जी. कॉलेज में नवप्रवेशित छात्राओं के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर आधारित एक दिवसीय इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना के साथ हुआ। प्राचार्य डॉ. केके. भंडारी ने अपने संबोधन में एनईपी 2020 की प्रमुख विशेषताओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बहु-विषयक शिक्षा, विषय चयन में लचीलापन, कौशल-आधारित शिक्षा, मूल्य-आधारित शिक्षण तथा स्थानीय भाषाओं के प्रोत्साहन जैसे बिंदुओं को समझाते हुए बताया कि यह नीति विद्यार्थियों के समग्र विकास और आजीवन सीखने की दिशा में एक बड़ा कदम है। इसके बाद एनईपी प्रभारी डॉ. शोभा महिश्वर ने भविष्य में एनईपी 2020 के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने छात्राओं को मूल्यांकन प्रक्रिया, डिग्री प्रक्रिया और क्रेडिट आधारित शिक्षा प्रणाली के बारे में भी जानकारी दी और कहा कि नई प्रणाली विद्यार्थियों को अधिक अवसर, लचीलापन और रोजगारपरक शिक्षा प्रदान करेगी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. दीपिका एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. दीपक शुक्ला ने किया। इस कार्यक्रम से लगभग 3 सौ छात्राएं लाभान्वित हुईं।

**माता शबरी कॉलेज में राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर आयोजन**



**कार्यक्रम**

## रेड रिबन क्लब व रासेयो ने किया मैराथन, बच्चों को दिए सर्टिफिकेट



**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी विश्व विद्यालय के तत्वावधान में रेड रिबन क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से महामाया चौक से शा. इंजीनियरिंग कॉलेज महाविद्यालय तक मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यक्रम समन्वयक डॉ मनोज सिन्हा, स्पोर्ट्स ऑफिसर बसंत अंचल, रेखा गुल्ला सलाहकार समिति अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, कार्यक्रम अधिकारी यूपेश कुमार, मोना केंवट, दुर्गेश दुबे, शत्रुहन धृतलहरे, मुंगेली कॉलेज के जिला संगठक नरोत्तम पुरले, ओम, विभिन्न महाविद्यालयों के स्वयंसेवक मोनीष, कुणाल, विकास, राजकुमार, दीपक, दीपिका, शगुन, अल्का ने भाग लिया। अंत में महिला व पुरुष दोनों वर्ग में प्रथम, द्वितीय, तृतीय नगद पुरस्कार देकर सभी बच्चों को सर्टिफिकेट प्रदान किया गया।

### जवानों ने निकाली भव्य बाइक रैली

हर घर तिरंगा अभियान के तहत सीआरपीएफ बटालियन ने भव्य बाइक रैली निकाली। सीआरपीएफ केंद्र भरनी से निकली इस रैली में अधिकारी और जवान तिरंगे से सजी मोटरसाइकिलों पर निकले और लोगों को हर घर तिरंगा अभियान में भागीदारी का संदेश दिया। बटालियन केंद्र भरनी से निकली रैली में देशभक्ति गीतों के साथ 'भारत माता की जय' 'वंदे मातरम' और हर घर तिरंगा के नारे गूंजते रहे। जवानों ने लोगों को राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान और सही तरीके से फहराने के नियमों की भी जानकारी दी। जवानों ने रास्ते में बच्चों और आम लोगों को तिरंगे और चॉकलेट बांटे। भरनी, सकरी, उस्लापुर होते हुए रैली नेहरू चौक तक गई। यहां से रैली सकरी स्थित जैन इंटरनेशनल पहुंची और छात्रों को तिरंगे के महत्व और देश के प्रति कर्तव्यों के बारे में बताया।



### भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया ध्वज वितरण

भाजपा कार्यकर्ताओं ने नेहरू नगर चौक पर ध्वज वितरण किया। विधायक अमर अग्रवाल के मार्गदर्शन पर हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत ध्वज वितरण किया जाना है। जिसमें प्रत्येक बूथों पर 50 ध्वज वितरण किया जाना है। नेहरू नगर सांई मंदिर चौक पर स्टॉल लगाकर नेहरू नगर के निवासियों को ध्वज वितरण किया गया। घर-घर जाकर भी ध्वज दिए गए। इस अवसर पर हर घर तिरंगा वह तिरंगा यात्रा कार्यक्रम के जिला सहसंयोजक अजीत सिंह भोगल ने कहा कि प्रत्येक भारतीयों के लिए शान है तिरंगा । 13 अगस्त से 15 अगस्त तक सभी को अपने घरों में तिरंगा फहराना चाहिए। नागरिक भी उत्साह पूर्वक तिरंगा लेकर गए। इस अवसर पर नेहरू नगर वार्ड के पार्षद कार्तिक यादव, अमित चतुर्वेदी, वैभव गुप्ता, ध्रुव देवांगन, कंचन श्रीवास्तव, मनमोहन देवांगन, संतोष कौशिक, चंदू पटेल, सुभाष जाना आदि मौजूद थे।



# विश्वविद्यालय में मनाया गया लाइब्रेरियन्स डे

**बिलासपुर।** एस आर रंगनाथन के 133 में जन्म दिवस पर डॉ सी सी रमन विश्वविद्यालय में लाइब्रेरियन्स डे मनाया गया । इस अवसर पर लाइब्रेरी में आयोजित कार्यक्रम में उनके व्यक्तित्व और कृतित्व से प्रेरणा लेने की बात कही गई ।




विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो प्रदीप कुमार घोष ने कहा कि जब तक हम कोई काम व्यवस्थित और अनुशासित तरीके से नहीं करेंगे तब तक हमें जीवन में सफलता नहीं मिलेगी । यही काम लाइब्रेरी में भी होना चाहिए। यहां तो ज्ञान का अथवा संसार होता है। इसलिए उसे व्यवस्थित रखने करना महत्वपूर्ण काम है। इससे हमें प्रेरणा लेनी चाहिए, ताकि हम अपने जीवन को भी व्यवस्थित और अनुशासित रखें।

### पुस्तकों और लाइब्रेरी का जीवन में बड़ा महत्व : कुल सचिव

विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ अरविंद कुमार तिवारी ने कहा कि निश्चित ही यह समय तकनीक का है। हमें तकनीक के साथ चलना है, लेकिन आज भी पुस्तकों और लाइब्रेरी का महत्व जीवन में है। पुस्तक पढ़ने और लाइब्रेरी में समय व्यतीत करने से जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है । वास्तव में लाइब्रेरी ज्ञान के स्नेही स्नेही सिंचन का माध्यम है। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में लाइब्रेरी के क्षेत्र में रोजगार की अनंत संभावनाएं हैं। सरकार नालंदा परिसर बनाकर बड़ी संख्या में युवाओं को जोड़ने जा रही है । इस अवसर पर लाइब्रेरियन डॉ संगीता सिंह,डॉ सरिता मिश्रा, जनसंपर्क अधिकारी किशोर सिंह सहित लाइब्रेरी के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

# पुस्तक और पुस्तकालय जीवन का अभिन्न हिस्सा

**डीपी विप्र में पुस्तकालय दिवस मनाया गया**



डीपी विप्र महाविद्यालय में लाइब्रेरियन डे मनाया गया, कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ अंजू शुक्ला ने कहा कि भारत में पुस्तकालयों के विकास में डॉ एसआर रंगनाथन की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। प्राचार्य ने कहा कि पुस्तक और पुस्तकालय को अपने जीवन का एक अंग बना लो इससे मानसिक, साहीत्यिक, बौध्दिक विकास में सहायक होगा। पुस्तकालय ज्ञान एवं साहित्य का संग्रह स्थल होता है, इसका जितना ज्यादा उपयोग अपने जीवन में करोगे उतना ही ज्यादा ज्ञान, विज्ञान, शोध के विषय में व्यापक जानकारी प्राप्त होगी। उप प्राचार्य डॉ एमएस तम्बोली ने कहा कि हमें डॉ एसआर रंगनाथन के जीवन चरित्र का अध्ययन करना चाहिये। उन्होंने हमारे देश में उस काल में पुस्तकालय आंदोलन को मजबूत किया जब हमारा देश अंग्रेजों का गुलाम था। डॉ तम्बोली ने पुस्तकालय विकास पर जोर देते हुये कहा कि आज इन्फॉर्मेशन टेक्नालॉजी का युग है हमें इंटरनेट का सही उपयोग पर ध्यान देने की आवश्यकता है।

**आयोजन**

## श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा सेंदरी ने किया पौधरोपण



**बिलासपुर** । बाबा भगवान राम ट्रस्ट श्री सर्वेश्वरी समूह और अघोर परिषद ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में पौधरोपण अभियान शुरू किया है। घर-घर बाड़ी, घर-घर पेड़, जीवन में हो खुशियां ढेर। इस लक्ष्य को आत्मसात करते हुए पौधरोपण सिर्फ आश्रम तक सीमित न रहकर जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा सेंदरी कोनी के नेतृत्व में अघोरपीठ आश्रम, सर्वेश्वरी युवा संगठन, सर्वेश्वरी सैनिकों और स्वयंसेवकों ने मिलकर यह पर्यावरणीय चेतना जगाई है। 125 पौधे बैगापारा, झिंगठपुर कोटा में शासकीय प्राथमिक शाला परिसरों में, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला सिल्ली, आदिवासी बालक छात्रावास बेलतरा, बगदेवा, पूर्व माध्यमिक शाला सेन्दरी, माध्यमिक शाला झलमला, डीएमएसयू प्लांट कछार आदि में लगाए। 830 पौधे निशुल्क वितरित किए। 320 पौधों का रोपण आश्रम परिसर में किया गया। कुल 1275 पौधे लगाए।

**कार्नर न्यूज**

## हवन, रुद्राभिषेक के साथ रामायण पाठ का समापन



**बिलासपुर।** कपिल नगर सरकंडा में जागृति महिला मंडल द्वारा पूरे सावन भर रामायण का पाठ किया गया। जिसमें मोहल्ले की सभी बहनों ने पूरा सहयोग दिया। सावन के आखिरी दिन हवन, रुद्राभिषेक एवं सत्यनारायण की कथा के साथ ही रामायण का समापन किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य सुख-शांति बनाए रखने एवं भोले बाबा की सभी पर कृपा बनाना रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में हेमचंद्र, किरण अरोड़ा, निर्मला यादव, सरोज शर्मा मीणा देवांगन, अनसूइया, सुनीता एवं दुर्गी साहू का सहयोग रहा।

## बहुला चौथ पर की गई गौ माता की पूजा

भाद्रपद कृष्णपक्ष की चतुर्थी के दिन मंगलवार को महिलाओं ने बहुला चौथ व्रत रखा। इस दिन को अंगारकी चतुर्थी भी कहते हैं। हर साल भाद्रपद माह में बहुला चतुर्थी का व्रत आता है। बहुला भगवान कृष्ण की प्रिय गाय थी। माताओं ने संतान और परिवार की शांति के लिए यह व्रत रखा।



धार्मिक मान्यताओं के अनुसार भगवान कृष्ण और गौ माता की पूजा-अर्चना करने के साथ ही बहुला चतुर्थी के दिन गौ माता की दूध पर गाय के बछड़े का ही अधिकार होता है, इसलिए इस दिन गाय के दूध से बनी चीजों का सेवन करने से भी व्रतियों ने परहेज किया। साथ ही गौ माता को हरा चारा खिला कर उनसे आशीर्वाद लिया।

## कजली तीज पर महिलाओं ने रखा व्रत



माहेश्वरी समाज की सभी सखियों ने मंगलवार को कजली बड़ी तीज उत्साह से मनाई। इसे सत्तु तीज भी कहते हैं। कृष्णा टावरी के निवास स्थान में पूजा कर व्रत रखा गया। सत्तू, खीरा, नींबू चढ़ाया गया। झूले का आंनद लेते हुए तीज के गीत गाए गए।

समाज की महिलाओं ने बताया कि शादी की पहली तीज मायके में मनाई जाती है। मेंहदी लगा कर सिंधारा होता है। सास बहू को साड़ी, गहने, मिठाई सिंधारा में देतीं हैं। बहू सास को बैयना, रूपए, सत्तू, साड़ी देती हैं। रात में चांद देखकर अर्ध्य देकर सत्तू का प्रसाद लिया गया। उद्यापन में सत्तु, सुहाग सामग्री 16 महिलाओं को दिया गया। पारंपारिक वेशभूषा में पूजा कर कहानी सुन आरती की गई। इस मौके पर समाज की सुधा, सरिता, किरण, सरोज, शीला, नीता, सुजिता, ज्योति, मीना, पूजा, दीपाली, ममता, आरती, चारू, सौम्या, ख्याती, मंजू, प्रिया, सीमा, उमा आदि सखियों ने पूजा कर निंबड़ी माता से आशीर्वाद लिया।

## खबर संक्षेप

### रेखा ने ग्रहण किया पथरिया एसडीएम का पदभार



**पथरिया।** स्थान्तरण से मुंगेली आई डिप्टी कलेक्टर रेखा चंद्रा को कलेक्टर कुंदन कुमार ने पथरिया एसडीएम की जिम्मेदारी सौंपी है। आदेश के परिपालन में मंगलवार को एसडीएम रेखा चंद्रा ने पदभार ग्रहण कर लिया है, वहीं पथरिया एसडीएम अजय शतरंज का स्थानांतरण मुंगेली किया गया है। रेखा चंद्रा ने एसडीएम कार्यालय में पदभार ग्रहण करने के बाद अधिकारी कर्मचारियों की बैठक लेकर शासन की योजनाओं के सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित करने को कहा. साथ ही प्रशासनिक कसावट की बात भी कही गई।

### कार्य में लापरवाही आवास मित्र सेवा मुक्त

**मुंगेली।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत कार्य में लापरवाही बरतने पर जनपद पंचायत पथरिया के आवास मित्र मनीष कुमार डहरिया को सेवा से मुक्त कर दिया है। ग्राम पंचायत दौना के आवास मित्र श्री डहरिया को ग्राम पंचायत दरूवनकापा एवं नगपुरा के लिए आवास मित्र के रूप में नियुक्त किया गया था। जारी आदेश के अनुसार कार्य के प्रति लापरवाही एवं उदासीनता बरतने पर पहले भी कई बार उन्हें नोटिस जारी किया जा चुका है, नोटिस का जवाब संतोषजनक नहीं पाए जाने पर श्री डहरिया को आवास मित्र मानव संसाधन के कार्यभार से मुक्त कर दिया गया है।

### 24 पाव देसी प्लेन शराब जब्त

**तखतपुर।** अवैध रूप से बिक्री के लिए रखी कच्ची देशी शराब को पुलिस ने जब्त कर लिया। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि, सब्जी मंडी तखतपुर के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से बिक्री के लिए शराब रखा हुआ है। सूचना पर पुलिस ने छापा मारकर आरोपी रामायण देवांगन के पास से 24 पाव देशी प्लेन शराब जप्त कर लिया एवं उसके खिलाफ आबकारी अधिनयिम की धारा धारा 34,1 क के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया।

## निधन

### पंडित रामावतार शर्मा



**बोदरी।** ग्राम सेंवार के वरिष्ट पंडित रामावतार शर्मा का 80 वर्ष की आयु में मंगलावार 12 अगस्त को निधन हो गया। उनका अन्तिम संस्कार गृहग्राम सेंवार किया गया। वो शिक्षक तामेश्वर प्रसाद शर्मा, संजय शर्मा, याज्ञवल शर्मा के पिता थे।

### हरिश्चंद्र केडिया



**बिलासपुर।** जयरामनगर निवासी अग्रवाल सभा के पूर्व अध्यक्ष हरिश्चंद्र केडिया का निधन हो गया है, जिनका अंतिम संस्कार 13 अगस्त को सुबह 10 बजे जयरामनगर में किया जाएगा। वे , स्व. संजय, मनोज, राजू, अनिल, सुनील, सुरेश केडिया के पिता थे।

### राजेंद्र शर्मा ( बबलू)



**तखतपुर।** बरेला निवासी राजेंद्र शर्मा बबलू का 60 वर्ष की आयु में 12 अगस्त को निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार 13 अगस्त को सुबह 11 बजे बरेला मुक्तिधाम में किया जाएगा।

### एक माह से स्कूल में नहीं है बिजली

# स्कूली बच्चों को लगाया ट्रांसफार्मर बदलने के काम में

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

**जनपद की ग्राम पंचायत चनाडोंगरी के हाई स्कूल में बच्चों के द्वारा बिजली ट्रांसफार्मर बदलने के लिए कार्य कराने की घटना सामने आई है। चना डोंगरी का हाई स्कूल में सैकड़ों की संख्या में आसपास के गांव से बच्चे पढ़ने आते हैं पर स्कूल प्रबंधन के द्वारा इन्हीं बच्चों से कठिन कार्य कराया जाता है। ऐसा ही कुछ आज देखने को मिला।**

चना डोंगरी हाई स्कूल के पीछे बिजली विभाग के द्वारा ट्रांसफार्मर बदलने का कार्य किया जा रहा था। बिजली विभाग के कर्मचारी कम पड़ने पर स्कूली बच्चों को ही ट्रांसफार्मर बदलने के कार्य में लगा दिया गया। अगर वजनी ट्रांसफार्मर गिर जाता तो गंभीर दुर्घटना हो सकती थी पर इसके बारे में किसी ने नहीं सोचा। स्कूली बच्चों को ट्रांसफार्मर बदलने के कार्य में लगा दिया गया। इस बारे में हाई स्कूल के प्रभारी प्राचार्य से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि एक माह से स्कूल में लाइट नहीं है। बहुत मेहनत से यह ट्रांसफार्मर आया है।




चनाडोंगरी स्कूल के बाहर ट्रांसफार्मर लगाने के लिए रस्सी खींचते छात्र।

**कर्मियों ने बुलाया होगा**

बच्चे लघु शंका के लिए निकले हुए थे। ट्रांसफार्मर लगाने के लिए बिजली विभाग से कर्मचारी आए हुए थे। उन्होंने ही बच्चों को बुला लिया होगा।

-आर कश्यप,
प्रभारी प्राचार्य

**कार्रवाई की जाएगी**

मामले की जानकारी ली जाएगी। जानकारी लेने के बाद जल्द ही दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**-विजय टांडे,**
जिला शिक्षा अधिकारी, बिलासपुर।

## सीएमएचओ ने की नर्सिंग होम की जांच



नर्सिंग होम की जांच करते सीएमएचओ।

**मुंगेली।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा निजी अस्पतालों और डायग्नोस्टिक सेंटरों की जांच की गई।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शीला साहा ने बताया कि जांच के दौरान जेके हॉस्पिटल में नर्सिंग होम एक्ट के मानक के अनुरूप संचालन नहीं होने, ड्यूटी चिकित्सक की अनुपस्थिति तथा 23 जुलाई को लाईसेंस की वैधता समाप्त होने के बाद भी मरीज भर्ती कर ऑपरेशन थियेटर का संचालन करना पाया गया, जिस पर संचालक को लाईसेंस मिलने तक ओटी का संचालन नहीं करने के निर्देश दिए। इसी तरह साहू मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में नर्सिंग होम एक्ट के मानक के अनुरूप संचालित नहीं होना तथा ऑपरेशन किए गए मरीजों के केश सीट में निश्चेतना विशेषज्ञ का हस्ताक्षर नहीं होने के साथ ही आईसीयू भी मानक अनुरूप नहीं पाया गया। शांति पाठक हॉस्पिटल में रेडियोलॉजिस्ट अनुपस्थिति में अन्य चिकित्सक द्वारा सोनोग्राफी किया जा रहा था। उक्त अनियमितताओं को सुधारने तथा नियमानुसार हॉस्पिटल का संचालन करने के निर्देश संचालकों को दिए गए। निरीक्षण के दौरान नर्सिंग होम एवं पीसीपीएनडीटी के जिला नोडल अधिकारी डॉ. कमलेश कुमार, जिला आयुष अधिकारी डॉ. प्रशांत ठाकुर सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



## सिंधी समाज की महिलाओं ने मनाया तिजड़ी पर्व

**तखतपुर।** अखंड सौभाग्य और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना के साथ सिंधी समाज की महिलाओं ने मंगलवार को तिजड़ी पर्व तीजा बड़े भक्तिभाव और परंपरागत रीति-रिवाजों के साथ मनाया। इस अवसर पर महिलाओं और कन्याओं ने व्रत रखकर तिजड़ी माता सप्त धान्य, बीज भोजली की पूजा-अर्चना की और झूला-झुलाकर आराधना की।

सिंधी समाज की वरिष्ठ सदस्य सरस्वती तोलानी ने बताया कि सुहागन महिलाओं ने अखंड सौभाग्य की प्राप्ति के लिए तो कन्याओं ने अच्छे वर और घर की कामना के लिए उपवास रखा। परंपरा के अनुसार सुबह 4 बजे 'असुर' के रूप में हल्का भोजन कर व्रत प्रारंभ किया गया। इसके बाद श्रद्धालु महिलाएं झूलेलाल मंदिर पहुंचीं, जहां तिजड़ी माता की पूजा की गई। शाम को तिजड़ी माता की कथा का श्रवण किया गया और रात को चंद्रमा को अर्घ्य देने के बाद प्रसाद ग्रहण कर उपवास संपन्न हुआ। इस अवसर पर समाज के साक्षी तोलानी, आरती सचदेव, पूजा लालचंदानी, कविता मंदानी, महिमा संतानी, नीलम, रामानी, नीतू, गंगवानी, प्रार्थना होतचंदानी, रिया जसूजा, रश्मि मंगलानी, मुस्कान संताली, गीता मंगलानी, भुमि कारडा, खुशबू तोलानी, संगीता तोलानी, नम्रता, मीना तोलानी, पूजा नथानी नीतिल टेकवानी, सौम्या मंदानी सहित अन्य उपस्थित रहे।



## सड़क निर्माण की गुणवत्ता में न हो लापरवाही: साव

- उप मुख्यमंत्री ने रतनपुर-पेंड्रा राष्ट्रीय राजमार्ग के कार्यों का किया औचक निरीक्षण

**बिलासपुर।** उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री अरुण साव ने गौरेला जाते समय निर्माणाधीन रतनपुर से पेंड्रा राष्ट्रीय राजमार्ग के कार्यों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर मौजूद लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को सड़क के निर्माण में गुणवत्ता में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरतने के निर्देश दिए।

उन्होंने सड़क का काम हर हाल में समय-सीमा में पूर्ण करने को कहा, ताकि राहगीरों को कोई परेशानी न हो। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने औचक निरीक्षण के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण कार्यों में देरी पर नाराजगी जताई। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि यदि किसी प्रकार की परेशानी है, तो समय पर वरिष्ठ अधिकारियों और शासन को अवगत कराएं। सड़क निर्माण की प्रगति में किसी तरह की बाधा नहीं आनी चाहिए। श्री साव ने सड़क निर्माण की गुणवत्ता को भी परखा और गुणवत्ता में किसी प्रकार की लापरवाही न हो, इसका अधिकारियों को विशेष ध्यान रखने को कहा। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता में किसी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रत्येक चरण में कार्यों की गंभीरता से मॉनिटरिंग करें, ताकि लोगों को आवागमन के लिए टिकाऊ और सुरक्षित सड़क मिले। श्री साव ने निर्माणाधीन सड़क में जरूरत के मुताबिक संकेतक बोर्ड लगाने के साथ ही पुल निर्माण का भी काम निर्धारित समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए।

## नृसिंह स्थापना दिवस पर लगा भक्तों का तांता





**बिलासपुर।** ग्राम हाफा में बघर्रा पाठ महाराज भगवान नृसिंह नाथ देव का भव्य मंदिर स्थापित है। मंदिर के आचार्य धनेश उपाध्याय ने बताया कि नृसिंह मंत्र और रुद्राभिषेक को एक साथ करने से भगवान नृसिंह और भगवान शिव दोनों का आशीर्वाद प्राप्त होता है। यह अनुष्ठान विशेष रूप से उन लोगों के लिए फायदेमंद है जो जीवन में कठिन परिस्थितियों का सामना कर रहे हैं या जिन्हें नकारात्मक शक्तियों से डर लगता है। सुबह से ही महिलाएं दर्शन के साथ भगवान को राखी बांधने के लिए संख्या में उपस्थित रहीं। मान्यता है कि रक्षाबंधन के पर्व पर भगवान नृसिंह देव को राखी बांधने से सभी मनोकामना पूर्ण होती है एवं सभी कष्ट दूर होते हैं दोपहर नृसिंह चालीसा का पाठ के पश्चात भंडारा कराया गया एवं संध्या 7 बजे भव्य महा आरती कर 56 भोग प्रसाद वितरण किया गया इस अवसर पर ग्रामीण एवं शहरी भक्त जनों की बड़ी संख्या मंदिर परिसर में उपस्थिति देखी गई।

## परिजन ने किया गोरेलाल का देहदान



**लोरमी।** क्षेत्र के गोरेलाल राजपूत का देहदान मरणोपरान्त किया गया। उनकी बेटी और दामाद ने बिलासपुर के सिम्स मेडिकल कॉलेज को देहदान कर समाज के लिए प्रेरणादायक कार्य किया।

ज्ञात हो की 13 नवम्बर 2024 को 'प्रयास अ स्माल स्टेप फाउंडेशन' की ओर से शरीरदान अंगदान के लिए लिए प्रेरित करने हेतु जिला स्तर पर शिविर का आयोजन किया गया था, जिसमें 151 लोगों ने सामूहिक अंगदान शरीरदान का शपथ पत्र भरा था। इसी दौरान स्व गोरेलाल राजपूत ने शपथ पत्र के माध्यम से अपने शरीर का दान करने की घोषणा की थी। इसी क्रम में गोरेलाल राजपूत की मत्यु के पश्चात उनेक दामाद रघुनाथ राजपूत का संस्था से संपर्क कर गोरेलाल के देहदान की बात कही। इसके बाद देहदान की पूरी कानूनी प्रक्रिया के बाद संस्था ने उनका देहदान मेडिकल कालेज बिलासपुर के आटोनामी भी विभाग में कराया। देहदान की प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात मृतक के परिजनों ने संस्था को सहयोग व मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया।

## हाई स्कूल सिलतरा में पालक-शिक्षक बैठक



**तखतपुर।** शासकीय हाई स्कूल सिलतरा में पालक-शिक्षक बैठक ओोजित की गई, जिसमें विद्यर्थियों के माता-पिता तथा शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के सदस्य भी शामिल हुए।

इस दौरान 'एक पेड़ मां के नाम अबियान के अंतर्गत पौधरोपण भी किया गया। संस्था के प्राचार्य भागवत जायसवाल ने पालक शिक्षक बैठक की आवश्यकता तथा महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि, विद्यार्थियों में शैक्षणिक एवं नैतिक रूप से जो कठिनाइयां उत्पन्न होती हैं, उसे बैठक के माध्यम से दूर किया जा सकता है। न्योता भोज का जिक्र करते हुए व्याख्याता राकेश डहरे ने कहा कि, इस तरह का आयोजन एक सामुदायिक भागीदारी पर आधारित है तथा ऐसे अवसरों पर बच्चों को पैस्टिक व रुचिकर, गुणवत्ता युक्त भोजन उपलब्ध कराने की एक अच्छी पहल है। इस अवसर पर हेतराम कश्यप, सुनील साहू, भागवत जायसवाल, गणेश शिवहरे, राकेश डहरे, राकेश भारद्वाज, शशिकांत सोनी, अखिलेश मिश्रा, निसु कश्यप, मंजुला तिवारी, चमेली यादव, सरिता निर्मलकर, शिवकुमार साहू, सखाराम पटेल, दयाराम पटेल, रामदयाल पटेल, तेरस साहू, निर्जला कैवर्त, राजकुमारी, राधा यादव, संतोषी यादव, दुलौरिन कोल, सुनीता मरावी सहित अन्य उपस्थित रहे।

### महलवाला बनीं अग्रवाल महिला मंडल की अध्यक्ष



**पेंड्रा।** पेंड्रा अग्रवाल महिला मंडल का चुनाव अग्रसेन भवन में संपन्न हुआ, जिसमें सर्वसम्मिति से संतोष महलवाला को महिला अग्रवाल समाज का अध्यक्ष एवं सीमा पसारी को उपाध्यक्ष चुना गया। इसी तरह सचिव नेहा पवन अग्रवाल, कोषाध्यक्ष नीलम गोयनका, सहसचिव रीता पसारी को चुना गया। संरक्षिका गायत्री पसारी एवं सत्यभामा गोयल ने नई कार्यकारिणी को शुभकामनाएं दी। पुरानी कार्यकारिणी की अध्यक्ष प्रमिला महलवाला ने भी नई कार्यकारिणी के सभी सदस्यों को प्रोत्साहित किया। नवनियुक्त अध्यक्ष ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि, सभी सदस्यों के साथ मिल जुल कर कार्य किया जाएगा। सीमा पसारी ने कहा कि, हम सब मिल कर अग्रवाल महिला मंडल के तत्वावधान में समाज के हित के काम करेंगे। इस दौरान आने वाले दिनों में होने कार्यक्रमों के संबंध में चर्चा की गई।

## सुरक्षा के लिए एटीआर को मिला स्नीफर डॉग

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी



अचानकमार टाईगर रिजर्व में सुरक्षा के लिए एक स्नीफर डॉग नीतू का प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद लौटने पर एटीआर के अधिकारी कर्मचारियों ने स्वागत किया। श्वान ने प्रशिक्षण के दौरान दूसरा स्थान प्राप्त किया। जानकारी के अनुसार डब्ल्यूडब्ल्यू, ट्राफिक इंडिया के द्वारा श्वान खरीद कर भारत के सभी राज्यों में वन विभाग को प्रदान करने हेतु उन्हें आईटीबीपी, बीटीसी हरियाणा में राष्ट्रीय श्वान प्रशिक्षण केन्द्र भानू में प्रशिक्षण के लिए भेजा जाता है।

इन्ही खोजी श्वान के साथ उनके रहवास एवं प्रशिक्षण में आवश्यक सहयोग हेतु अलग-अलग राज्य से वनकर्मियों का चयन कर श्वान परिचारक एवं सहायक परिचारक भेजा जाता है। उक्त आयोजित सात माह के प्रशिक्षण मे कुल 9 राज्य सम्मिलित हुए थे, जिसमें अचानकमार टाईगर रिजर्व को आबंटित श्वान का नाम 'नीतू' है। नीतू ने प्रशिक्षण में द्वितीय स्थान प्राप्त कर अचानकमार प्रबंधन का नाम पूरे राज्य में गौरवान्वित किया। प्रशिक्षण की समाप्ति के बाद अचानकमार प्रबंधन ने श्नीतू का कानन पेंडारी बिलासपुर मे भव्य स्वागत किया। स्वागत के पश्चात श्वान को एटीआर की सुरक्षा हेतु एटीआर परिवार में सम्मिलित किया गया। कार्यक्रम के दौरान संचालक युआर गणेश, सहायक संचालक संजय लूथर एवं कानन पेंडारी जू बिलासपुर के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

**कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर**

**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल दीनदयाल आवास, मंगला, बिलासपुर (छ.ग.) में निर्मित भवन क्रमांक एल.आई.जी-237 मूल आबंटी श्री नवीन कुमार गुप्ता पिता श्री रुद्रनारायण गुप्ता के नाम पर आबंटित है। भवन का विक्रय विलेख दिनांक 08.01.2015 को पंजीकृत किया गया है। इसके उपरांत क्रेता द्वारा विक्रय विलेख दिनांक 29.09.2023 को पंजीकृत कराने के पश्चात उक्त भवन को श्री धमेन्द्र कुमार सिंह पिता श्री रामेश्वर सिंह के नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति/ शासकीय/ अर्द्धशासकीय/ वित्तीय संस्था/बैंक आदि को इस भवन के नामांतरण हस्तांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अधोहस्ताक्षरकर्ता इस कार्यालय में लिखित रूप से मय प्रमाणित दस्तावेज सहित दावा/आपत्ति कर सकता है अन्यथा इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के बाद में कोई दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मण्डल नियमानुसार उनके पक्ष में नामांतरण/हस्तांतरण कार्यवाही की जावेगी।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय नायब तहसीलदार लोरमी, जिला मुंगेली (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. अ-6/2024-25

सर्वसाधारण आम जनता ग्राम कठौतिया को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुदर्शन सिंह नेताम पिता स्व. रामदयाल जाति गोंड़ निवासी ग्राम कोटा तहसील कोटा जिला-बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पत्र पेश किया गया है कि ग्राम कठौतिया प.ह.न. 06 तहसील लोरमी स्थित भूमि ख. नं. 201/1, 288, 304/2, 304/5 रकबा कुल 6.4100 हे. भूमि जो कि वर्तमान में आवेदक व आवेदक के बड़े भाई स्व. रामभरोस के पुत्र पुत्रियो तथा आवेदक के छोटे भाई आशाराम के संयुक्त नाम पर दर्ज है। यह कि उक्त ख.न. भूमि मृतक अमर सिंह, रामाबाई, जमुना बाई (नि:संतान), आशाराम (नि:संतान) के नाम विलोपित कर उनके वैध वारिसान परमेश्वर, सावित्री पिता अमर सिंह तथा कुमार मां रामाबाई के नाम को सहखातेदार के साथ राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है।

अत: जिस किसी व्यक्ति को / संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/ दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनाँक 18/08/2025 को सुबह 10.30 बजे स्वयं या अपने अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नही किया जावेगा।

अत: आज दिनाँक 25/07/2025 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार**
**लोरमी, जिला मुंगेली (छ.ग.)**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्रमांक/क/अति.तह./वा./2025
बिलासपुर, दिनांक 07.08.2025

ग्राम लगरा के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि छ.ग. शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन नया रायपुर अटल नगर के पत्र क्र. 2430/एफ-4/सात-/2020 नया रायपुर अटल नगर दिनांक 13.08.20 के अनुसार आपस में संलग्न खसरा नम्बर की भूमि के साथ नक्शा को सम्मिलित किये जाने हेतु आवेदक आशीर्वाद बिल्डर्स एण्ड डेवलपर्स द्वारा भागीदार दीपक कुमार पिता/ पति मकसुदन लाल जायसवाल निवासी अशोक नगर सरकण्डा तहसील बिलासपुर जिला बिलासपुर की स्वयं की भूमि ग्राम लगरा प.ह.नं. 27 रा.नि.मं. ... तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर 35/2, 35/5, 28/4, 36/1, 36/2, 36/3, 36/4, 36/6, 38/2, 38/4 कुल रकबा 2.93 हे. हेक्टेयर/ एकड़ भूमि सभी खसरा नंबर को एकीकृत करने हेतु आवेदन पत्र, बी-1, खसरा, नक्शा सहित प्रस्तुत किया है।

यदि किसी व्यक्ति/ संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/ दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 22.08.2025 को सुबह 11.00 स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेग।

आज दिनांक 07.08.2025 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**बिलासपुर (छ.ग)**

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, जरहागांव**

**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र. ..../ब-121/2024-25
ग्राम केशरूवाडीह प.ह.नं. 10

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासी ग्राम केशरूवाडीह वालो को सूचित किया जाता है कि आवेदक/ आवेदिका श्री/ श्रीमती/ कु. राजकुमार कुर्रे पिता/ पति मोतीराम जाति सतनामी निवासी ग्राम केशरूवाडीह तहसील जरहागांव, जिला मुंगेली छ.ग. द्वारा अपने पुत्र अतुल कुर्रे के जन्म दिनांक 27.01.2007 को ग्राम पंचायत केशरूवाडीह मे दर्ज करने हेतु आदेश जारी करने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है, अत: इस संबंध में जिस किसी को कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 14.08.2025 को प्रात: 11 बजे तक मेरे न्यायालय तहसील जरहागांव में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25/7/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा को अधीन जारी किया गया।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**जरहागांव**

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, जरहागांव**

**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र. ..../ब-121/2024-25
ग्राम बरेला प.ह.नं. 09

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासी ग्राम बरेला वालो को सूचित किया जाता है कि आवेदक गौरी धुरी पिता/ पति राजेश धुरी जाति धुरी निवासी ग्राम बरेला तहसील जरहागांव, जिला मुंगेली छ.ग. द्वारा अपने बहन गोदावरी धुरी के जन्म दिनांक 29.12.2007 को ग्राम पंचायत बरेला मे दर्ज करने हेतु आदेश जारी करने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है, अत: इस संबंध में जिस किसी को कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 14.08.2025 को प्रात: 11 बजे तक मेरे न्यायालय तहसील जरहागांव में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25/7/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा को अधीन जारी किया गया।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**जरहागांव**

**न्यायालय तहसीलदार तखतपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. /ब-121/2024-25
ग्राम तखतपुर तहसील तखतपुर
जिला बिलासपुर (छ.ग.)

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती शारदा गुप्ता पति संतोष गुप्ता जाति गुप्ता निवासी ग्राम तखतपुर प.ह.नं. 28 तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा अपने पुत्री एश्वर्या गुप्ता पुत्री संतोष गुप्ता के लिये केन्द्र सरकार के अंतर्गत लोक पदों एवं सेवाओं में नियुक्त/ शैक्षणिक संस्थाओं में प्रवेश प्राप्त करने हेतु आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ई.डब्लू.एस.) के लिये आय एवं संपत्ति प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। तत्संबंध में उक्त प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

प्रस्तुत प्रकरण में दिनाक 13/08/2025 को सुनवाई नियत किया गया है। उपरोक्त आवेदन के सम्बन्ध में यदि कोई व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना चाहता है तो वे या तो स्वयं या अपने किसी मान्य अभिकर्ता अधिवक्ता के द्वारा नियत तिथि को मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 28/07/2025 को जारी किया जाता है।

**तहसीलदार, तखतपुर**

**न्यायालय श्रीमान द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी बिलासपुर (छ.ग.)**

रामस्वरूप ....आवेदक
विरूद्ध
मंगल वगैरह ...अनावेदक

प्रकरण क्रमांक 29/2024
आदेश दिनांक 21.07.2025
पेशी दिनांक 18.08.2025
प्रोसेस क्रमांक 19/25

इस न्यायालय में आवेदक रामस्वरूप ने अनावेदक क्रमांक 05 सुनील पिता-मालिकराम, निवासी-पटेल मोहल्ला बड़ी गली, तोरवा, तहसील व जिला-बिलासपुर छ.ग. के विरूद्ध वाद संस्थित किया है जिसमें आप लोगों की पेशी दिनांक-18.08.2025 को पेशी नियत है जिसमें आप लोगों की उपस्थिति नियत है।

उक्त भूमि दिनांक 18.08.2025 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति सम्यक जवाब मय दस्तावेज प्रस्तुत कर सकते है नियत पेशी दिनांक तक कोई जवाब प्राप्त न होने पर प्रकरण मे अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

यदि किसी कारण वश पेशी दिनांक 18.08.2025 को इस न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाता है अथवा सार्वजनिक अवकाश घोषित अथवा पीठासीन अधिकारी अवकाश में रहते है तो उसके अगले कार्य दिवस में अग्रिम कार्यवाही की जावेगीं।

अत: आज दिनांक......की मुद्रा लगाकर जारी किया गया है।

दिनांक -29/7/25
स्थान-बिलासपुर

(रिया चक्रवर्ती)
द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी
बिलासपुर (छ.ग.)

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की आवेदक श्री उदय रेलवानी पिता श्री दीपक रेलवानी, निवासी बिल्हा तहसील बिल्हा जिला बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा मोजा बोदरी, महाल नंबर 2 (बिलासपुर रायपुर मुख्य मार्ग से लगभग 100 मीटर पश्चात अंदर की ओर आशीर्वाद वैली) प.ह.नं. 1. रा.नि.मं. बिल्हा, तहसील बिल्हा, विकास खण्ड बिल्हा, अंतर्गत नगर पंचायत, बोदरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.) में स्थित हैं। जिसका लेआउट भूखण्ड क्रमांक 63, खसरा नंबर 52/2 में से, रकबा 1612 वर्गफुट/149, 814 वर्गमीटर भूमि मय मकान को विक्रेता श्री स्वप्निल बाजपेयी पिता श्री काशीशरण बाजपेयी, निवासी भारती टेन्ट हाउस के पास, नगर निगम कालोनी व्यापार विहार रोड, भारतीय नगर बिलासपुर तहसील एवं जिला बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा केता श्री उदय रेलवानी पिता श्री दीपक रेलवानी, निवासी बिल्हा, तहसील विल्हा जिला बिलासपुर (छ.ग.) के पक्ष में विक्रय किया गया है। विक्रय पत्र का पंजीयन उप पंजीयक कार्यालय बिल्हा में पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 28.06.2024 को पुस्तक क्रमांक अति-1 ग्रंथ क्रमांक 1882 पृष्ठ क्रमांक 185 से 207 दस्तावेज क्रमांक CG-2024-25-121-1512 के अनुसार पंजीकृत होना पाया गया है। जिसका विकय विलेख का मूल दस्तावेज घर में हर गुम हो गया था।

यदि किसी व्यक्ति/शासकीय / अर्द्धशासकीय / वित्तीय संस्था / बैंक इत्यादि को उक्त संपत्ति के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस चार आम सूचना प्रकाशन के 07 दिन के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद में आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**शरद तिवारी**
**अधिवक्ता**
**छ.ग. उच्च न्यायालय बिलासपुर (छ.ग.)**
**मो. 9827186644**

12- AUG--REGNOL-pg-5- COMMAN_Layout 1 8/13/2025 12:00 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### योग प्रतियोगिता में योगिता ने हासिल किया स्वर्ण पदक

**मल्हार।** कोरबा में आयोजित राज्य स्तरीय योग प्रतियोगिता में नगर की होनहार बेटी योगिता पांडेय ने स्वर्ण पदक लेकर पूरे बिलासपुर जिले को गौरवान्वित किया है। प्रतियोगिता में 10 से 55 वर्ष तक योगार्थियों ने भाग लिया, जिसमें योगिता ने 28 से 35 वर्ष तक के चैम्पियनशिप में स्वर्ण जीतकर अपनी जगह बनाई है। इस जीत के बाद उनका चयन नेशनल के लिए हुआ है। योगिता ओपन यूनिवर्सिटी में योग साइंस में डिप्लोमा लेने के बाद महर्षि विश्वविद्यालय से योग साइंस में ही मास्टर की डिग्री हासिल कर चुकी है। वे नगर के योग गुरु दिलीप पांडेय की पुत्री हैं।



### चिकन और मीट मार्केट एक जगह व्यवस्थित



**पथरिया।** नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत अलग-अलग स्थानों पर खुली चिकन और मीट की दुकानों को प्रशासन ने एक जगह पर व्यस्थापन किया है। इसके लिए नगर पंचायत सीएमओ अनुराधा राजमणि ने नगर के सभी व्यपारियो की बैठक लेकर जगह का चिन्हांकन कर दुकान आबंटित की है, जहां चिकन-मीट बेचने वाले व्यपारियों ने दुकान लगाकर व्यपार प्रारंभ कर दिया है, इसके साथ ही नगर पंचायत के नागरिकों की वर्षों पुरानी मांग पूरी हो गई। बता दें कि, नगर पंचायत क्षेत्र में लगभग 25 से 30 चिकन दुकानें अलग-अलग स्थानों में खुली हुई थीं, जिससे बदबू के साथ उसके वेस्ट से वायु प्रदूषण हो रहा था। मुंगेली कलेक्टर कुंदन कुमार के संज्ञान में यह मामला आया, तब उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए चिकन व मीट मार्केट शहर में एक स्थान पर लगाने और उसके वेस्ट के निष्पादन के लिए व्यवस्था बनाने की बात कही।

### घोरमार तालाब किनारे स्थापित की गई भीमसेन की मूर्ति



**पथरिया।** रविवार को नगर के किसानों ने जनप्रतिनिधियों के मुख्य आतिथ्य में घोरमार तालाब किनारे भीमसेन महराज की प्रतिमा स्थापित कर उन्नत खेती और नगर की सुरक्षा के लिए प्रार्थना की। मूर्ति स्थापना के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष हुलसी रघु वैष्णव ने कहा कि, वर्षों से भीमसेन जी की मूर्ति तालाब किनारे लगाई जा रही है, जिसके कारण खेती अनुरूप वर्षा हो रही है। यह परंपरा हमारे किसान भाइयों के कारण जीवित है। उपाध्यक्ष मनोज पांडेय ने कहा कि, भारतीय संस्कृति में आस्था का विशेष महत्व है। विधायक प्रतिनिधि रघु वैष्णब ने कहा कि भीमसेन की प्रतिमा के प्रभाव से नगरवासी खुशहाल हैं। इस अवसर पर नगर के नेता प्रतिपक्ष रंजीता ओमकार यादव, पार्षद प्रकाश भार्गव, सभापति प्रतिनिधि एवम भाजपा नेता रविन्द्र बघेल, किसान नेता शंकर यादव, विक्की साहू, रजुआ यादव सहित नगर के किसान और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे ।

### पुण्यतिथि पर गुरुदेव टैगोर को श्रद्धासुमन अर्पित




**गौरेला।** गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की 84वीं पुण्यतिथि पर प्रेस क्लब गौरेला पेंड्रा मरवाही द्वारा कलेक्ट्रेट के सामने स्थापित गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर प्रतिमा में माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर श्रद्धा सुमन अर्पित की गई पत्रकारों ने उनके साहित्यिक क्षेत्र में दिए गए योगदान को याद किया और उनकी अपनी पत्नी मृणालिनी देवी के इलाज हेतु गौरेला के स्थानीय सेनेटोरियम अस्पताल में बिताए गए समय को भी याद किया। इस अवसर पर प्रेस क्लब गौरेला पेंड्रा मरवाही जिला अध्यक्ष असद सिद्दीकी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सत्यनारायण पांडे संयुक्त सचिव अजीत गहलोत, कोषाध्यक्ष ज्ञानचंद शर्मा, संतोष नामदेव मुरारी रैदास, उमेश अग्रवाल सूरज यादव ,तापस शर्मा ,सौरभ अग्रवाल, सुहेल आलम उपस्थित थे।

### स्कूली छात्राओं ने बांधी नगर पालिका अध्यक्ष को राखी



**गौरेला।** नगर पालिका परिषद गौरेला के अध्यक्ष मुकेश दुबे को नगर की स्कूली छात्राओं ने राखी बांधकर भाई बहन के पवित्र रिश्ते का पर्व रक्षाबंधन उत्सव मनाया। इस अवसर पर श्री दुबे ने कहा कि रक्षाबंधन का पवित्र त्यौहार भाई के अपनी बहनों के प्रति अटूट प्रेम और उनकी रक्षा के संकल्प का दिन है नगरीय क्षेत्र की स्कूलों में पढ़ने वाली इन बहनों को शिक्षा के क्षेत्र में सफलता मिले उन्हें किसी प्रकार की कोई तकलीफ ना हो इस बात का मैं सदैव ध्यान रखूंगा। कई विद्यालयों की छात्राएं स्वयं अपने हाथों से राखी बनाकर लाई थी। कार्यक्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी नारायण साहू , ज्योति दुबे भाजपा नेता ठाकुर राम प्रकाश सिंह ,गोविंद सहाय अग्रवाल ,प्रथमेश नगाइच, संजय जैन सहित गणमान्य नागरिक भी उपस्थित थे।

### डिप्टी सीएम ने पूजा कर लिया आशीर्वाद

# भोजली महोत्सव में शामिल हुए उपमुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

छत्तीसगढ़ की लोक परंपरा अनुसार जन-जन से जुड़े पारंपरिक त्यौहार भोजली महोत्सव का आयोजन शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सेमरसल में बड़े धूमधाम से मनाया गया। छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री अरुण साव इस कार्यक्रम में विशेष रूप से सम्मिलित हुए। स्वयं उन्होंने भोजली मैया का पूजन अर्चन कर छत्तीसगढ़ के सुख समृद्धि और खुशहाली के लिए आशीर्वाद मांगा।

इस संबंध में प्रधानपाठक आत्माराम कश्यप, राजकुमार कश्यप उमाशंकर राजपूत ने बताया कि प्रत्येक वर्ष पिछले तीन सालों से यह गरिमा में आयोजन सेमरसल के गलियों में एक अमित छाप छोड़े हुए हैं। इस बार बच्चों ने बहुत ही प्रयास पूर्वक भोजली को तैयार किया था और 9 दिन में ही हरे-भरे दृश्य दिखाई देने लगे थे। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य कुंती उदय जायसवाल, सरपंच राजकुमार अंनत, मसना सरपंच नरेन्द्र ध्रुव, दुर्गेश कश्यप, अरुण साहू, शिक्षक राकेश पाण्डेय, पुष्पा चतुर्वेदी, आरती गुप्ता, स्मिता क्षत्री, ललिता शर्मा, स्वतंत्र ध्रुव, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष महेत्तर कश्यप, बद्री कश्यप गोविंद साहू, माधुरी पटेल पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के ताम्रध्वज कश्यप हरीश, मंदसौर रामप्रसाद साहू, संकुल समन्वयक रामकुमार साहू, हेमंत साहू, शुभम सिंह क्षत्रि, अरुण साहू, कलेश्वर कश्यप, बाल कैबिनेट से प्रधानमंत्री परमेश्वरी साहू, नंदनी निषाद, सारिका, खुशबू, प्रिया, प्राची, लकेश्वरी, शुभी, राधिका, मुस्कान, श्वेता, दामिनी, हरेश्वरी, मेघा, काजल, आकांक्षा, पिया, प्रतिज्ञा सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।




## सुकली में धूमधाम से मनाया गया भोजली पर्व



**लोरमी।** समीपस्थ ग्राम सुकली में छत्तीसगढ़ का पारंपरिक लोक महापर्व भोजली हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। भोजली विसर्जन के लिए गांव में भजन कीर्तन के साथ लोग समूह में निकले। बच्चों एवं महिलाओं में भोजली उत्सव को लेकर काफी उत्साह देखा गया। इस अवसर पर ग्राम के सरपंच प्रतिनिधि नोहर सिंह राजपूत ने कहा कि भोजली का पर्व हमारी विशिष्ट छत्तीसगढ़ी संस्कृति है। भोजली मित्रता का उत्सव भी है, छत्तीसगढ़ में मित्रता के अटूट बंधन के लिए भोजली बदलने की परंपरा रही है। उन्होंने कहा कि, जब हमारी संस्कृति बचेगी तभी हम बचेंगे। जब हमें अपनी संस्कृति पर गौरव होगा, तभी हमारा आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। गांव के मुख्य चौराहे से निकलकर हर गली-मुहल्ले में झूमते गाते हुए भजन-कीर्तन के साथ भोजली यात्रा रामायण चौक के पास पहुंची, जहां मनियारी नदी में देवी गंगा का लोकगीत गाते हुए भोजली विसर्जन किया गया।

## छात्राओं ने निकाली भोजली शोभायात्रा




**पथरिया।** नगर मे संचालित सरस्वती शिशु मंदिर में भोजली कार्यक्रम मनाया गया। जिसके शुभारंभ मे संस्था के अध्यक्ष सुकदेव प्रसाद वर्मा, व्यवस्थापक निश्चल गुप्ता, कार्यकारिणी सदस्य जितेन्द्र राजपूत ,प्राचार्य शेषनारायण यादव एवं प्रधानाचार्य रीता तिवारी द्वारा पूजन कर भोजली झांकी को नगर भ्रमण हेतु रवाना किया गया। भोजली झांकी ने नगर के बस स्टैण्ड स्थित शिव मंदिर देवालय का दर्शन करते हुए चोरभट्ठी महामाया पहुंचकर घोरमार तालाब में विसर्जन किया गया, जिसमें अभिभावकों द्वारा जोरो से जयकारा के साथ स्वागत किया साथ ही पालकों के द्वारा जगह जगह नारियल चढ़ाकर हर्षित मन से स्वागत किया गया। विद्यालय के समस्त छत्राओं ने सिर पर भोजली लेकर भोजली माता का जयकारा करते हुए शोभायात्रा निकालर विसर्जन किये। भोजली शोभायात्रा में आचार्य खगेस्वर यादव, माया तम्बोली, उर्मिला यादव विनोद गुप्ता , सुनील डड़सेना, नितेश,लव कुमार, शेखराम, अनिल सहित सभी स्टॉप उपस्थित रहे।

## स्कूलों में भोजली एवं तिरंगा यात्रा का आयोजन



**बेलगहना।** बच्चों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शासकीय प्राथमिक शाला एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला उपका में भोजली एवं तिरंगा यात्रा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों के द्वारा स्कूल में बोई गई भोजली का विसर्जन किया गया। साथ ही तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसमें छात्र-छात्राओं ने तिरंगा लेकर 'भारत माता की जय' का घोष करते हुए पूरे नगर का भ्रमण किया। इस ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा में पूरे गांव की महिलाओं और बच्चों ने भाग लिया। तिरंगा यात्रा के दौरान बच्चों ने देशभक्ति गीत गाए और राष्ट्रीय ध्वज को सम्मान दिया। इस कार्यक्रम में निरंजन पैकरा जिला पंचायत सदस्य, प्रदीप कश्यप महामंत्री भाजपा, विकासखंड शिक्षा अधिकारी मिश्रा, समन्वयक भारत यादव, संजय रजक, प्रदीप चांडक के साथ ग्राम की सरपंच राम कुमारी उरेती तथा बड़ी संख्या में ग्रमीण शामिल हुए। साथ ही गांव के समाजसेवी बलदाऊ दुबे तथा ईश्वर सिंह उरेती एवं डाइट पेंड्रा की शांति भी शामिल हुईं। यह ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक सूर्यकांत वाजपेई के नेतृत्व में निकाली गई।

## भोजली महोत्सव लोक संस्कृति और परंपरा का जीवंत प्रतीक



**सीपत।** ग्राम सुखरीपाली में पारंपरिक भोजली प्रतियोगिता हुई। जिसमें महिलाओं, युवतियों और बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सुबह से ही गांव में ढोल-ढमाकों और भजन-कीर्तन की गूंज रही। रंग-बिरंगे परिधानों में सजी महिलाएं और बच्चियां भोजली गीतों की लय पर झूमते हुए उत्साहपूर्वक शोभायात्रा निकालते हुए विसर्जन स्थल तक पहुंचीं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जनपद सदस्य रेवाशंकर साहू ने प्रतियोगिता में शामिल महिलाओं एवं बच्चों को नकद राशि देकर सम्मानित और प्रोत्साहित किया। रेवाशंकर साहू ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भोजली महोत्सव हमारी लोक संस्कृति और परंपरा का जीवंत प्रतीक है। ऐसे आयोजन न सिर्फ हमारी विरासत को सहेजते हैं, बल्कि सामाजिक एकता और भाईचारे का भी संदेश देते हैं। आप सभी का उत्साह और सहभागिता हमारे गांव की पहचान है, जिसे हम सभी को मिलकर आगे बढ़ाना है। गांव के बुजुर्गों ने भी कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन नई पीढ़ी को संस्कृति से जोड़ने में अहम भूमिका निभाते हैं। पूरे आयोजन के दौरान आनंद और उत्साह का माहौल बना रहा।



# सिलपहरी स्कूल प्रांगण में भोजली महोत्सव

**सिलपहरी।** ग्राम पंचायत सिलपहरी में संकट मोचन सेवा समिति के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ का पारंपरिक लोक पर्व भोजली महोत्सव बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। इस दौरान यहां भोजली प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसकी शुरुआत मुख्य अतिथियों के द्वारा भोजली व छत्तीसगढ़ महतारी की छायाचित्र की पूजा अर्चना के साथ शुरू की गई।

- समाज के वरिष्ठजन का किया गया सम्मान, देर रात तक चलता रहा महोत्सव

मंचस्थ निर्णायक मंडल व ग्रामीणों के समक्ष कई टोलियों द्वारा अपनी–अपनी प्रस्तुति दी गई जिसमें सभी टोलियो द्वारा पारंपरिक वेशभूषा व टोकरियों में भोजली सजाए हुए भोजली गीत की प्रस्तुति दी। देवी गंगा, देवी गंगा, लहर तुरंगा हमर भोजली दाई के भीजे आठों अंगा गीतों से पूरा प्रांगण गूंज उठा अतिथियों की उपस्थिति व आयोजन समिति की अगवाई में भोजली दाई की महाआरती की गई तत्पश्चात विसर्जन किया गया। इसके बाद सभी ग्रुपों को अतिथियों के हाथों नकद एवं प्रतीक चिन्ह से पुरस्कृत किया गया। साथ ही समस्त समुदाय से जुड़े बड़े बुजुर्गों का साल श्रीफल एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। आयोजन में ग्रामीण की भीड़ देखी गई। जिन्होंने देर रात तक इस भोजली महोत्सव का आनंद उठाया। कार्यक्रम में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष, बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव ,पूर्व विधायक बिल्हा सियाराम कौशिक ,पूर्व उपज मंडी अध्यक्ष राजेंद्र शुक्ला, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गीतांजलि कौशिक ,संयुक्त जिला महामंत्री कांग्रेस कमेटी बिलासपुर अमित यादव , और स.महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी बिलासपुर गौरीशंकर यादव,जिला देशहा यादव समाज के उपाध्यक्ष नंदकिशोर यादव, पूर्व जनपद सदस्य इंद्राणी कौशिक, प्रेस अभिकर्ता कल्याण संघ व यादव समाज कल्याण के बिलासपुर के युवा अध्यक्ष भरत यादव शामिल रहे।

## कौशिक ने की सड़क व रंगमंच बनाने की घोषणा

कार्यक्रम में पहुंचे बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने गांव में एक सड़क सहित भोजली कार्यक्रम व स्कूल के बच्चों के लिए एक रंग मंच स्कूल प्रांगण में बनाने की घोषणा की। भोजली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सेमरताल भोजली ग्रुप, दूसरा संगवारी ग्रुप सिलपहरी, तीसरा महावीर ग्रुप सिलपहरी, चौथ इनाम पाल ग्रुप सिलपहरी, को मिला सिलपहरी सरपंच व आयोजन समिति के अध्यक्ष टीकाराम यादव कहा कि भोजली की यह पर्व सुख और समृद्धि का संदेश देता है। मां अन्नपूर्णा देवी को प्रसन्न करने यह पर्व मनाया जाता है इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सरपंच टीकाराम यादव, राजकुमार पटेल, नरोत्तम पटेल, सिरु पाल, बाली पटेल, राजेश पटेल, किशोर पटेल, दिलीप पटेल, सीताराम पटेल, दिल कुमार नायक ,चंद्रशेखर पाल ,व अन्य पंच एवं ग्रामवासी का योगदान रहा।

## मौहाभाठा में भोजली विसर्जन

**तखतपुर।** मौहाभाठा में भोजली विसर्जन उल्लास के साथ किया गया। महिलाएं और छोटे बच्चें भोजली लेकर घरों से निकले और विसर्जन के लिए मनियारी नदी पहुंचें। भजन कीर्तन हुए भजन मण्डली भी साथ में थे। भोजली विर्सजन के बाद लोगों ने एक दूसरे को भोजली दिया। इस अवसर पर नीरज पाण्डेय, अनुजराम साहू, कलेश राम साहू, शिवम यादव, राज कुमार यादव, सुरेश साहू, पिल्लूराम साहू, गितेश साहू, दीक्षा साहू, दीव्या साहू, कविता साहू, मंजीता साहू सहित अन्य उपस्थित रहे।

## शिशु मंदिर परिसर में भोजली उत्सव

**सेमरताल।** सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य रवीन्द्र नाथ गहवई के मार्गदर्शन में लगातार बीस सालों से सेमरताल में भोजली उत्सव का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें गांव की बालिकाएं उत्साह पूर्वक भाग लेती हैं। शिशु मंदिर परिसर में पारंपरिक पूजा व लोकगीत के साथ भोजली पर्व की शुरुआत हुई। समिति के सदस्य कामता प्रसाद धीवर ने सबसे सुंदर भोजली के लिए निधी साहू को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेमरताल के प्राचार्य अनिल वर्मा ने भोजली पर्व के सांस्कृतिक, आयुर्वेदिक और लोकपक्ष के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि, भोजली छत्तीसगढ़ की समृद्धि, खुशहाली और बेहतर स्वास्थ्य का प्रतीक है। ये समाज को जोड़ने का काम अनुष्ठान है। भोजली विसर्जन के अवसर पर बड़ी संख्या में माताएं-बहनें मौजूद थीं।



## भोजली स्पर्धा में सेमरताल टोली को प्रथम स्थान

**लगरा।** छत्तीसगढ़ के लोग पर्व को अनवरत कायम रखने के लिए संकट मोचन सेवा समिति सिलपहरी की ओर से भोजली स्पर्धा का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र की की 11 भोजली टोलियों ने भाग लिया। निर्णायक मंडल ने स्पर्धा में साज सज्जा, आकर्शण वेशभूषा, गीत संगीत आदि के आधार पर सेमरताल भोजली टोली को प्रथम स्थान प्रदान किया। इस पर टोली को नकद 4 हजार 100 रुपए का पुरस्कार दिया गया। वहीं संगवारी ग्रुप सिलपहरी को द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर नगद 2 हजार 1 सौ एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने पर दर्रीघाट भोजली टोली को नकद 2 हजार 1 सौ रूपए देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सरपंच गीताराम यादव, प्रवीण विश्वकर्मा, भरत यादव, मनीश कौशिक, संजय विश्वकर्मा, सुनील धीवर, प्रेमदास मानिकराम, शिवकुमार साहू, आयुश यादव मौजूद रहे।



## उत्साह और उमंग के साथ मनाई गई भोजली

**बोदरी।** ग्राम पंचायत उमरिया में इस वर्ष भोजली तिहार बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। इस दौरान गांव की महिलाओं और युवतियों ने टोकरी में बोई गई भोजली को सिर पर उठाकर शोभायात्रा निकाली, जिसमें गांव के छोटे-बड़े सभी लोग शामिल हुए। इस अवसर पर पूरा गांव भक्तिमय और उत्सव के रंग में रंग गया। कार्यक्रम के समापन पर गांव के राजेश वैष्णव गौसेवक ने ग्रामीण एवं गौमाताओं के लिए भंडारे का आयोजन किया। गया इस सफल आयोजन में गांव के युवाओं और बुजुर्गों ने मिलकर महत्वपूर्ण योगदान दिया।



### महाराणा प्रताप परिसर के सौन्दर्यीकरण के लिए मिलेगी राशि

# ग्राम जोगीपुर में निकली महाकाल की शाही सवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

जिला मुख्यालय से लगे हुए ग्राम जोगीपुर में बाबा महाकाल की शाही सवारी का आयोजन राजपूत क्षत्रिय समाज द्वारा किया गया। जिसमें आसपास क्षेत्र के श्रद्धालु बढ़-चढ़कर हिस्सा लिए।

बाबा महाकाल के उज्जैन नगरी की तर्ज पर सावन माह के प्रत्येक सोमवार को अंचल के विभिन्न ग्रामों में आयोजित की गई। जिसमें प्रथम सोमवार को जोगीपुर में, द्वितीय सोमवार को रोहराखुर्द में, तृतीय सोमवार को कोदवाबानी में, चतुर्थ सोमवार को आदर्श ग्राम हथनीकला में बाबा जी का पालकी यात्रा निकालकर क्षेत्र समाज एवं राष्ट्र कल्याण की कामना करते हुए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बाबा महाकाल अपने भक्तों को दर्शन दिए आशीर्वाद दिए। कार्यक्रम का मुख्य आयोजक ग्राम जोगीपुर निवासी श्री श्याम बिल्डर राजनांदगांव के प्रोपराइटर नवयुवक मंडल अध्यक्ष ठाकुर संतोष सिंह राजपूत द्वारा कार्यक्रम आयोजित हुआ। समापन दिवस पर 11 अगस्त को बाबा महाकाल की शाही सवारी ग्राम जोगीपुर में निकाली गई। जिसमें विधायक एवं पूर्व खाद्य मंत्री पुन्नूलाल मोहले शामिल हुए। श्री मोहले के द्वारा ग्राम जोगीपुर में स्थापित महाराणा प्रताप परिसर के सौन्दर्यीकरण हेतु तीन लाख की स्वीकृति प्रदान करने की घोषणा की। जिसके लिए राजपूत क्षेत्र समाज के क्षेत्रीय अध्यक्ष नर्मदा सिंह राजपूत ने आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों एवं भक्तजनों का हदय से अभिनंदन स्वागत कर धन्यवाद ज्ञापित किया।



कार्यक्रम में शामिल विधायक एवं जनपद अध्यक्ष।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने की केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन से मुलाकात



**करगी रोड कोटा।** भाजपा जिलाध्यक्ष ग्रामीण मोहित जायसवाल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सिंह चौहान, महामंत्री सुलेश पांडे, वरिष्ठ नेता रामलाल साहू, नगर पंचायत उपाध्यक्ष प्रदीप कौशिक, पार्षद बाबा गोस्वामी, विकास सिंह, सोनी, प्रमोद गुप्ता ने केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू से रजनीश गुप्ता, मनीष गुप्ता के निवास पर सौजन्य भेंट की। इस दौरान सांसद साहू ने परिवार के सदस्यों से हालचाल जाना और क्षेत्र की विकास योजनाओं एवं जनसमस्याओं पर चर्चा की। मुलाकात के दौरान स्थानीय मुद्दों, आगामी योजनाओं तथा जनहित से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श हुआ। सांसद साहू ने भरोसा दिलाया कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास एवं जनकल्याण के लिए वे निरंतर प्रयासरत रहेंगे।

## खबर संक्षेप

### स्कूटी की टक्कर से महिला की मौत

**बिलासपुर।** स्कूटी की टक्कर से महिला की मौत हो गई। सकरी पुलिस के अनुसार अमेरी निवासी कोमल राम पाटले पिता राम प्रसाद पाटले रक्षाबंधन त्यौहार में पत्नी पूनम पाटले के साथ गांव झलरी गए थे। 12 अगस्त की सुबह दोनों पति-पत्नी बाइक से वापस घर लौट रहे थे। सुबह 4.20 बजे कोटा मोड़ के पास पीछे से आ रहे स्कूटी क्रमांक सीजी 10 बीजे, 8245 के चालक ने तेज गति से लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उनके बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे दोनों पति-पत्नी बाइक सहित गिर गए। उनकी पत्नी बेहोश हो गई थी। सिम्स में डाक्टरों ने परिक्षण के बाद पूनम पाटले को मृत घोषित कर दिया है।

### पार्टस चोरी कर भागने वाला कर्मचारी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** प्लाट में खड़ी मशीन से 6 लाख का पार्टस चोरी कर भागने वाले कर्मचारी को पुलिस ने पकड़ कर पार्टस बरामद कर लिया है। गोंडपारा निवासी दीपांशु श्रीवास्तव पिता स्व. दिलीप श्रीवास्तव ने 3 अगस्त को रिपोर्ट लिखाई थी। उनका छतौना रोड गोल्डन पार्क के बाजू में प्लाट है। प्लाट में एक मशीन खड़ा है। उन्होंने आरोप लगाया कि उनका कर्मचारी शेख जाहिद खान पिता शेख मुस्ताक खान विजय राघवगढ़ कटनी निवासी व अन्य लोग मशीन में लगे 6 लाख के सीबीसी वेट मीटर, प्रिंटर, सेसर रिवर्सकैरा, हाइड्रोलिक पंप व अन्य सामान चोर कर भाग गए हैं। पुलिस ने शेखा जाहिद एवं अन्य के खिलाफ बीएनएस की धारा 306 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया था। टीआई उत्तम साहू के निर्देश पर पुलिस टीम ने मध्य प्रदेश कटनी में दबिश देकर आरोपी शेख जाहिद खान 20 साल को पकड़कर चोरी का सामान बरामद कर लिया है।

### आरक्षक की पिटाई, तीन युवक हिरासत में

**बिलासपुर।** कोतवाली क्षेत्र के कश्यप कालोनी में मंगलवार शाम एक आरक्षक के साथ मारपीट का मामला सामने आया। आरोप है कि स्कूटी सवार युवक ने पहले आरक्षक की कार को टक्कर मारी, फिर साथियों को बुलाकर उनकी पिटाई कर दी। पुलिस ने तीन आरोपियों को हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। कोतवाली थाना प्रभारी देवेश राठौर ने बताया कि कश्यप कालोनी निवासी दिलीप सिंह एसपी कार्यालय में आरक्षक के पद पर पदस्थ हैं। मंगलवार शाम करीब साढ़े 6 बजे वे अपनी कार में बैठकर परिवार के सदस्यों का इंतजार कर रहे थे, तभी मोहल्ले का एक युवक स्कूटी से आया और कार में टक्कर मार दी। आरक्षक ने उसे ठीक से गाड़ी चलाने के लिए कहा। तब युवक गाली-गलौज करने लगा। इसके बाद उसने मोहल्ले के दो दोस्तों को बुलाया और तीनों ने मिलकर आरक्षक पर हमला कर दिया। मारपीट से आरक्षक का सिर फट गया। हमले के बाद युवक भाग निकले।

### दुर्ग में चोरी कर फरार महिला पकड़ी गईं

**बिलासपुर।** दुर्ग रेलवे स्टेशन में चोरी करने के बाद दो महिला आरोपी फरार हो गई, जिसकी सूचना आरपीएफ और जीआरपी दुर्ग की सूचना पर बिलासपुर स्टेशन में कुर्ला एक्सप्रेस की जांच करने के बाद आरपीएफ ने दोनों महिला आरोपी को पकड़कर जीआरपी दुर्ग के सुपुर्द कर दिया है। आरपीएफ के अनुसार 11 अगस्त को दुर्ग रेलवे स्टेशन के आरपीएफ प्रभारी ने मौखिक रूप से रायपुर और बिलासपुर के आरपीएफ प्रभारी को सूचना दी थी कि दो महिलाएं जिनके पास एक छोटी बच्ची है। दोनों महिला 18029 कुर्ला-हावड़ा एक्सप्रेस में बैठकर दुर्ग से बिलासपुर की ओर आ रही हैं। महिलाओं के पास एक पर्स है, जिसमें सोने-चांदी के जेवरात और अन्य सामान हैं। महिलाओं ने यात्रियों के सामानों को पार कर दिया है। शिकायत प्रार्थी अमन गुप्ता ने जीआरपी दुर्ग में की थी। बिलासपुर आरपीएफ ने मंगलवार को ट्रेन के बिलासपुर स्टेशन पर पहुंचने के उपरांत पूरे कोच की जांच की। दोनों महिला आरोपी जमशेदपुर झारखंड सोनारी निवासी सीमा कुमारी पति कृष्णा सिंह 30 साल और उसकी सास पार्वती देवी पति भगवान सिंह 52 साल को पकड़कर गया। जांच में दो चांदी की पायल, एक कैमरा, एक घड़ी, चांदी की चेन, मंगलसूत्र, सोने का लॉकेट, नकद 6729 रुपए सहित लाखों का सामान जब्त किया गया।

**200 से अधिक प्रकरण बनाए, लेकिन कानूनी कार्रवाई नहीं** | **अवैध प्लाटिंग के फलने-फूलने की मुख्य वजह दूसरे प्रदेश से आने वाले लोग**

# अवैध प्लाटिंग पर कार्रवाई, लेकिन न खरीदी-बिक्री पर रोक, न ही एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले में अवैध प्लाटिंग करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई नहीं होने के कारण उनके हौसले बुलंद है। एक तरफ नगर निगम प्लाटिंग एरिया में पहुंचकर वहां बनाई गई मुरुम और आरसीसी सड़कों को काटने की कार्रवाई करता है। दूसरी तरफ, भूमाफिया प्लाट बेचने में व्यस्त रहते हैं। इसकी सबसे बड़ी वजह यह है कि प्रशासन ऐसे भूमाफियाओं के खिलाफ - कानूनी कार्रवाई में पीछे है। आंकड़ों पर नजर डालें तो बिलासपुर में अब तक नगर निगम ने 200 से अधिक प्रकरण बनाए हैं लेकिन एफआईआर दर्ज नहीं हो सकी है। इस वजह से भूमाफियाओं के हौसले बुलंद हैं।

हरिभूमि ने पड़ताल के दौरान पाया कि शहर की अवैध प्लाटिंग के फलने-फूलने की मुख्य वजह दूसरे प्रदेश से आने वाले लोग हैं। राज्य



बनने के बाद यूपी, बिहार, झारखंड और आसपास के पड़ोसी राज्यों से बड़ी संख्या में लोग छत्तीसगढ़ और बिलासपुर में शिफ्ट होने लगे हैं। आंकड़े भी बता रहे हैं कि आउटर की अवैध कालोनियों और प्लाटिंग में जमीन खरीदने वाले 80 से 85 प्रतिशत दूसरे राज्यों से आने वाले लोग हैं।

### 10 साल में 300 खसरा नंबर ही ब्लाक

सबसे बड़ी बात कि कभी भी अवैध प्लाटिंग या अवैध निर्माण की खरीदी-बिक्री पर रोक नहीं लगाई जाती। यहां तक कि एफआईआर भी नहीं कराई जा रही है। अधिकारी मानते हैं कि अवैध प्लॉटिंग में खरीदी-बिक्री की प्रक्रिया को रोकने के लिए लंबा प्रोसेस है। निगम, तहसील और पुलिस की रिपोर्ट के बाद ही कलेक्टर संबंधित खसरा नंबरों की रजिस्ट्री पर रोक लगाते हैं। इस तरह की कार्रवाई कितनी कि जाती है इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पिछले 10 साल में करीब 300 ही खसरा नंबरों को ब्लॉक किया गया है।

### एक भी भूमाफिया पर शिकंजा नहीं कसा जा सका

ज्ञात हो कि अवैध प्लाटिंग छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता, नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम और नगर पालिका अधिनियम के तहत अपराध है। मुख्य रूप से नगर निगम, नगर पालिका अधिनियम 1956 की धारा 292 के तहत अवैध प्लाटिंग पर कार्रवाई कर रहा है। नगर निगम को कार्रवाई के तहत अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त करने, अधिग्रहण का अधिकार है लेकिन कानूनी अधिकार पुलिस को है। इसलिए निगम ने अब तक हुई कार्रवाई का प्रकरण बनाकर पुलिस को सौंप दिया है। इस मामले में अब तक न तो किसी की गिरफ्तार हुई है और न ही एक भी प्रकरण कोर्ट में प्रस्तुत किया जा सका है। निगम के अफसरों के अनुसार अवैध प्लाटिंग के मामले में एक लाख रुपए तक का अर्थदंड और कारावास का भी प्रावधान है। एक भी भूमाफिया अब तक पुलिस के शिकंजे में नहीं आया है। इस वजह से भूमाफिया बेखौफ अवैध प्लाटिंग कर रहे हैं।

### छोटी जमीन की रजिस्ट्री रुकी तो उसका भी तोड़ निकाल लिया

कृषि जमीन पर अवैध प्लाटिंग को रोकने के लिए राज्य सरकार ने 2178 वर्गफीट से कम कृषि जमीन की रजिस्ट्री, नामांतरण, डायवर्सन और बटांकन पर रोक लगा दी है। लेकिन जमीन दलालों ने इसका भी तोड़ निकाल लिया है। वे अब दो लोगों के नाम से इतनी ही जमीन की रजिस्ट्री करवा रहे हैं। इससे जमीन पर रजिस्ट्री की रोक भी हट जाती है और लोगों को कम कीमत में उतनी ही जमीन मिल जा रही है। बाद में मौके पर इसी जमीन को बराबर से दो भागों में बांटकर दो लोगों को दे दिया जा रहा है।

### लगातार हो रही कार्रवाई

अवैध प्लाटिंग के मामले में नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 की धारा 292 के तहत कार्रवाई की जाती है। इसमें कच्ची प्लाटिंग की खरीबी बिक्री रोकने के लिए प्लाटिंग एरिया को तहस-नहस करने, रोड-रास्ते काटने का अधिकार है। कानूनी कार्रवाई के लिए हम प्रकरण बनाकर पुलिस को भेज देते हैं।

- **अमित कुमार**, निगम कमिश्नर

**जनता की शिकायतें दरकिनार, न ठेकेदार काम कर रहे हैं न अधिकारी**

# हर इलाके में ब्लैक आउट, गांव से बदतर न्यायधानी की बिजली व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर की बिजली व्यवस्था को दीमक लग चुका है, खोखला होते सिस्टम की वजह से शहर में बिजली ग्रामीण इलाकों से बदत्तर हो चुकी है। यही कारण है कि रोजाना कई घंटें बिजली बंद हो रही है। इस बीच विभाग मेंटनेंस के लिए 3-3 घंटे का शेड्यूल ले रहा है। उमस भरी गर्मी के बीच बिजली बंद होने पर अब उपभोक्ताओं का रोष भी सामने आने लगा है। खास बात यह है कि विभाग व्यवस्था सुधारने के बजाए अधिकारियों को ही इधर से उधर करने में लगा हुआ है जबकि हालत यह है कि विभाग के पास ना तो ढंग के ठेकेदार है और ना ही कर्मचारी है। ऐसे में उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

- **इंश्योलेटर ब्रर्स्ट होने और जम्पर कटने की घटनाएं बढ़ी**

मंगलवार की सुबह से ही शहर के कई इलाकों में बिजली सप्लाई बाधित होती रही, लाइन में आए फाल्ट के कारण अग्रसेन चौक, सीएमडी कालेज और करबला सहित बसस्टैंड की बिजली बाधित रही, सुबह 6 बजे से बंद बिजली 7 बजे के बाद ही नार्मल हो सकी, वहीं इसके बाजवूद दिन में कई बार बिजली बंद होती रही, दोपहर में उमस भरी गर्मी रही लेकिन शाम 4 बजे के आसपास बुंदाबांदी होने के कारण 33 केवी की लाइन ब्रेक डाउन हो गई, ऐसे में एक साथ कई फीडर बंद हो गए। 4 से 7 बजे तक नेहरू नगर, नर्मदा नगर, शांति नगर, तिफरा, महाराणा प्रताप चौक, तेलीपारा जैसे इलाकों में बिजली की आंखमिचौली जा रही, इस दौरान इंश्योलेटर जलने और फाल्ट की समस्या रही लेकिन बिजली कर्मचारियों को लाइन सुधारने में काफी समय लगता रहा।



### कुछ देर के लिए बंद हुई होगी बिजली

लोड बढ़ने के कारण कुछ देर के लिए बिजली बंद हुई होगी, काफी देर तक बिजली बंद होने की खबर नहीं है। कुछ जगहों पर ट्रांसफार्मर सुधारने और केबल बदलने के लिए बिजली बंद थी, जो सामान्य बात है।

-पीआर साहू, अधीक्षण यंत्री, बिजली विभाग

**ठहराया गया व्यवस्था को जिम्मेदार**

### बंद होता है ट्रांसफार्मर, लो वोल्टेज भी

करबला, कश्यप कालोनी, गांधी चौक, बीजेपी कार्यालय, कुम्हारपारा जैसे इलाकों में रोजाना ट्रांसफार्मर में खराबी आ रही है, इस दौरान डियो गिरना आम बात है। साथ ही लो वोल्टेज की समस्या आ रही है। कर्मचारियों को फोन करने पर अटेंड तक नहीं कर रहे है। बिजली विभाग का काम ही चौपट हो चुका है । -**शंकर कश्यप**, करबला

### ग्रामीण इलाके से बदत्तर स्थिति

सरकंडा क्षेत्र में बिजली की समस्या सालों से है, यहां की स्थिति ग्रामीण इलाकों से बदत्तर है, फ्यूज कॉल, ऑनलाइन कॉल लॉक जैसी सुविधाएं महज नाम की है, उपभोक्ता घंटों गर्मी में पसीना बहा रहा है लेकिन अधिकारियों को फोन करने पर बोला जाता है कि स्टाफ नहीं है, इसलिए देरी हो रही है। - **अनुज मिश्रा**, जबड़ापारा

### कई बार होती है बिजली बंद

शहर का रिहायशी इलाकों में नेहरू नगर और नर्मदा नगर आता है, नेहरू नगर जोन पास में ही है लेकिन हफ्ते में ऐसा एक भी दिन नहीं होता है जब बिजली बंद नहीं होती है। कई बार तो बार बार बिजली बंद होती है, जिसके कारण घर के उपकरण भी खराब होने लगे है। घर का पंप दो बार जल चुका है। ऐसी अव्यवस्था पहले कभी नहीं थी,विभाग महज कार्रवाई के नाम पर अधिकारियों को हटाने में तुला है। -**राजेन्द्र श्रीवास्तव**, नेहरू नगर

### फ्यूजकॉल में नहीं उठता है फोन

बिजली विभाग ने उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए फ्यूजकॉल बनाया है लेकिन इसका फायदा उपभोक्ताओं को नहीं मिलता है। तिफरा, सूर्या विहार, विकास नगर, मन्नाडोल जैसे इलाकों में घंटों बिजली बंद रहती है, दिन के साथ रात में भी उपभोक्ता परेशान रहे है, लेकिन फ्यूजकॉल में फोन नहीं उठता है, अधिकारी अगर एक बार फोन उठा भी ले तो भी शिकायत के बाद भी 3 से 4 घंटे में बिजली की मरम्मत होती है। - **दानिश शाह**, तिफरा

**गाड़ी जब्त, ड्राइवर गिरफ्तार**

# ट्रेलर से कुचलकर डॉक्टर के मासूम बेटे की मौत

**लोगों ने पीछा कर ड्राइवर को पकड़कर पुलिस को सौंपा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

लालखदान में हुई एक सड़क दुर्घटना में डाक्टर के ढाई साल के मासूम की मौत हो गई। घटना के मुताबिक यह बच्चा घर के पास ही खेल रहा था। खेलते-खेलते मुख्य मार्ग में चला गया इसी दौरान कोयला लेकर जा रहे ट्रेलर के ड्राइवर ने लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाते हुए बच्चे को अपनी चपेट में ले लिया। कमर के नीचले हिस्से में पिछला चक्का चढ़ जाने से बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। हास्पिटल में डाक्टर ने परीक्षण के बाद बच्चे को मृत घोषित कर दिया। इधर लोगों ने पीछा कर ट्रेलर सहित ड्राइवर को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने गाड़ी जब्त कर ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है।



मृत बालक।

तोरवा टीआई अभय सिंह बैस ने बताया कि लालखदान निवासी सहारा डेंटल क्लीनिक के संचालक डाक्टर इकबाल अली का ढ़ाई वर्षीय बेटा इफजान अली उर्फ टीपू सोमवार की रात 9 बजे घर से बाहर निकलकर अन्य बच्चों के साथ खेल रहा था। इसी दौरान महमंद बाईपास की ओर से तेज रफ्तार से कोयला लेकर आ रहे ट्रेलर क्रमांक सीजी 12 एयू, 1256 के ड्राइवर इफजान अली को चपेट में ले लिया। पिछला चक्का कमर के नीचे चढ़ जाने से इफजान अली गंभीर रूप से घायल हो गया। बच्चों के चिल्लाने पर घरवाले बाहर निकले तो इफजान खून से लथपथ सड़क पर मिला। साथ खेल रहे बच्चों ने घरवालों को बताया कि ट्रेलर ने इफजान को कुचला है। तत्काल घरवाले घायल बच्चे को इलाज के लिए शिशु भवन लेकर गए। डाक्टर ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। इधर हादसे से नाराज लोगों ने पीछा कर ट्रेलर को पकड़कर ड्राइवर सीपत करमा निवासी चैतराम कंवर 29 साल को पुलिस के हवाले कर दिया है। पुलिस ने सरफराज अली की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 106, 1 के तहत गाड़ी जब्त कर ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है। मृतक इफजान अली प्रेस क्लब के अध्यक्ष इरशाद अली का भतीजा था।

# बाइक विवाद पर चाकू से हमला, तीन युवक गिरफ्तार, निकाली गई बारात

**बिलासपुर।** बाइक से टकराने पर युवकों ने गुण्डागर्दी करते हुए एक व्यक्ति के साथ मारपीट कर चाकू से जान लेवा हमला कर दिया। पुलिस ने शहर छोड़कर भाग रहे तीन हमलावरों को पीछा कर पकड़ लिया है।

ज्ञात हो कि 11 अगस्त को मोपका निवासी प्रखर शर्मा अपने पिता उमेश शर्मा के साथ मंगला निमार्णाधीन मकान को देखने गए थे। शाम 7.30 बजे पिता पुत्र बाइक से मोपका लौट रहे थे। रात 8 बजे जूना बिलासपुर नागोराव शेष स्कूल के पास गांधी चौक की ओर से आ रहे बाइक क्रमांक सीजी 10 बीएक्स, 8253 सवार युवक ने बिना इंडिकेटर दिए कतियापारा की ओर मोड़ दिया। जिससे उनकी बाइक युवक के बाइक से टकरा गई। इसी विवाद में एक युवक ने उन पर चाकू से हमला कर दिया। उसके बाद युवक जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। प्रखर घायल पिता को इलाज के लिए सिम्स लेकर गए। सूचना पर कोतवाली पुलिस सिम्स पहुंचकर घायल श्री शर्मा से जानकारी लेने के बाद हमलावरों के तलाश में जुट गई। इसी दौरान जानकारी मिली हमलावर शहर छोड़कर रायपुर की ओर भाग रहे है। कोतवाली टीआई देवेश सिंह राठौर, गोकूल जांगड़े, धीरेन्द्र सिंह, अमित सिंह ने पीछा कर चकरभाठा के पास घेराबंदी कर तीन युवकों को पकड़ लिया। पुलिस ने प्रखर शर्मा की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 109, 1, 3, 5, 296, 351, 2, 115, 2, 118, 1 व 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत तीनों को गिरफ्तार कर लिया है।



**निकाला गया जुलूसः** आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद मंगलवार को कोतवाली पुलिस के द्वारा आरोपियों की जिस क्षेत्र में गुण्डागर्दी कर चाकूबाजी किया गया था, उस क्षेत्र में पैदल यात्रा निकालकर जुलूश निकाला गया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ लगी रही। उसके बाद आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया है।

### पकड़े गए आरोपी

- सैफ उर्फ सैफू खान पिता सलीम खान 25 साल फजलबाड़ा गांधी चौक
- अमन भौरे पिता संजू भौरे 22 साल फजलबाड़ा गांधी चौक
- अरमान खान पिता फिरोज खान 20 साल रविदास चौक करबला

# साइबर सेल के प्रधान आरक्षक पर फोन पर धमकी देकर पैसे मांगने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

स्कूली बच्चों को लाने ले जाने का काम करने वाले युवक ने साइबर सेल के प्रधान आरक्षक पर फोन कर पैसा मांगने व पैसा नहीं देने पर झूठे सट्टा केस में फंसाकर जेल भेजने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने एसएसपी से लिखित शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

- **एसएसपी से हुई शिकायत**

शिकायतकर्ता जरहाभाठा सिंधी कालोनी निवासी सौरभ पवार पिता स्व. संजय पवार 31 साल ने आरोप लगाया है वह बच्चों को स्कूल से घर लाने ले जाने का करते है। 11 अगस्त को उनके मोबाइल पर मोबाइल नम्बर 8305829422 से फोन आया। फोन करने वाले ने अपने आप को साइबर सेल का प्रधान आरक्षक आसिफ पारिख बताया और साइबर सेल बुलाया। नहीं पहुंचने पर सट्टा खिलाने संबंधित प्रकरण दर्ज करने की धमकी भी दी। साथ ही 20-25 हजार रुपए की मांग भी की।

शिकायतकर्ता ने यह भी कहा है कि डर के मारे वह स्कूली बच्चों को लाने ले जाने का काम नहीं कर पा रहे है। आर्थिक स्थिति मजबूत नहीं होने के कारण पैसा देने में असमर्थ है। इसके बाद भी राशि दिए जाने की मांग लगातार की जा रही है। इस बारे में एसीसीयू प्रभारी और एडिशनल एसपी अनुज कुमार की ओर से कहा गया कि अभी इस संबंध में शिकायत नहीं मिली है। शिकायत मिलने और आरोप सही पाए जाने पर सख्ती से कार्रवाई की जाएगी।

# ओटीपी मैसेज भेजकर युवती से 1 लाख 62 हजार की आनलाइन ठगी

**बिलासपुर।** ओटीपी मैसेज भेजकर एक युवती से 1 लाख 62 हजार रुपए की आनलाइन ठगी कर ली गई। पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, नेहरू नगर पारिजात कालोनी निवासी राजश्री प्रसाद पिता राजेन्द्र प्रसाद 35 साल ने रिपोर्ट लिखाई।

- **सिविल लाइन क्षेत्र का मामला**

11 अगस्त की शाम 5.33 बजे उनके मोबाइल में ओटीपी का मैसेज आया। देखने के तुरंत बाद उनके बैंक खाते से 98 हजार 800 कटने का मैसेज आया। उन्होंने फोन कर बैंक कर्मचारी को बताया कि उनके बैंक खाते से पैसा कट गया है। बातचीत के दौरान ही 64 हजार रुपए फिर से कट गया। इस तरह उनके मोबाइल में ओटीपी का मैसेज भेजकर कुल 1 लाख 62 हजार 800 रुपए ट्रांसफर कर आनलाइन ठगी कर ली गई। पुलिस उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है।







# खाईवालों को नहीं पकड़ पाई पुलिस

**बिलासपुर।** आईपीएल मैच के दौरान पुलिस ने खाईवालों के लिए वसूली करने वाले युवक को पकड़कर 9 लाख रुपए बरामद किया था। उसके आधार पर शहर के चर्चित खाईवालों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया था। मजेदारबात यह है कि 4 माह बाद भी पुलिस खाईवालों को नहीं पकड़ पाई है। खबर है खाईवाल बेखौफ शहर में घूम रहे हैं।

15 अप्रैल 2025 को तोरवा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर तितली चौक में दबिश देकर बुलेट सवार शनिचरी बाजार वाल्मिकी चौक निवासी योगेश बोधवानी पिता उत्तमचंद बोधवानी 25 साल को घेराबंदी कर पकड़कर 1 लाख 50 हजार 320 रुपए, रजिस्ट्रर, दो मोबाइल बरामद किया था। पूछताछ करने के बाद उसके घर से 7 लाख 37 हजार 800 रुपए बरामद किया था। कड़ाई बरने पर योगेश ने बताया कि शहर के चर्चित आईपीएल मैच में किक्रेट सट्टा खिलाने वाले अजय हरजानी, राहुल तेरसानी, राज चेतानी के लिए काम करना व उनके कहने पर आईपीएल क्रिकेट में आनलाइन सट्टा खेलने दांव में लगा रकम वसूली करने का काम करना बताया था। पुलिस ने योगेश बोधवानी, खाईवाल अजय हरजानी, राहुल तेरसानी, राज चेतानी के खिलाफ बीएनएस की धारा 7, 1, 112, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर योगेश बोधवानी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। मजेदारबात यह है कि 4 माह बाद भी पुलिस फरार चर्चित खाईवालों को नहीं पकड़ पाई है।

